

दमण में 85 वर्षीय देविलाबेन एन. शाह ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Asli Azadi Dainik
@AsliAzadiDainik

www.asliazadi.com

# असली आज़ादी

SINCE 2005

■ वर्षः 19, अंकः 195 ■ दमण, बुधवार 01 मई 2024, ■ पृष्ठः 8 ■ मूल्यः 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट


## संघ प्रदेश थ्रीडी पुलिस के पीआई के. बी. महाजन हुए सेवानिवृत्तः आईजी, डीआईजी, एसपी, एसडीपीओ सहित के अधिकारियों ने दी विदाई

■ संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव पुलिस में 36 वर्ष और 6 महीने तक सेवा देने वाले पीआई के. बी. महाजन को पुलिस विभाग हमेशा रखेगा यादः पुलिस हेडक्वॉर्टर में हुआ विदाई समारोह






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 30 अप्रैल। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव पुलिस विभाग में 36 वर्ष 6 महीने की सेवा देने के बाद आज पीआई के. बी. महाजन सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त पीआई के. बी. महाजन को विदाई देने के लिए दमण पुलिस मुख्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ प्रदेश थ्रीडी के आईजी मिलिंद महादेव दुम्बेरे, डीआईजी, एसपी, एसडीपीओ, पीआई, पीएसआई, थाना प्रभारियों, ट्राफिक सेल सहित अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त पीआई के. बी. महाजन को विदाई दी। विदाई समारोह के दौरान पीआई के. बी. महाजन ने भव्य दिवाई के लिए संघ प्रदेश थ्रीडी पुलिस विभाग का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि पीआई के. बी. महाजन ने 36 साल और 6 महीने की अपनी लंबी पुलिस सेवा के दौरान दादरा नगर हवेली और दमण में पुलिस कांस्टेबल, पीएसआई और पीआई की सेवा दी। के. बी. महाजन की उत्कृष्ट सेवा को देखते हुए 2013 में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति पुलिस मेडल से सम्मानित भी किया गया था। इसके साथ ही प्रदेश में उनकी बेहतरीन सेवाओं के लिए कई अवॉर्ड से भी उन्हें सम्मानित किया गया है। पीआई पद पर रहते हुए पीआई के. बी. महाजन आज सेवानिवृत्त हुए।

## दानह भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने मसाट-सायली-रखोली में जनसभाओं को किया संबोधितः चुनाव के बाद समस्याओं के समाधान का किया वादा




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 30 अप्रैल। दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट की भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने मसाट-सायली-रखोली में जनसभाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर जनता की ओर से उठाई जा रही मांगों और समस्याओं पर गौर करते हुए भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने मतदाताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि चुनाव के बाद सडकों का जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा। साथ ही साथ आपकी अन्य समस्याओं का भी समाधान करेंगे। भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने जनता से कहा कि सडकों का मुद्दा उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर दानह के पूर्व सांसद नटू पटेल ने भी सडकों के मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए कहा कि रखोली और सामरवरणी के तमाम व्यवसायिक, रिहायशी और उद्योग एस्टेटों के सडकों का नवीनीकरण किया जायेगा। इन सभाओं के दौरान भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर का भव्य स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा महामंत्री जीतू माढा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कमलेश पटेल, टी. पी. चौहाण, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्षा जिगीशा पटेल, जया पटेल सहित बडी संख्या में भाजपा समर्थक एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## दीव पहुंचे कांग्रेस उम्मीदवार केतन पटेलः पत्नी अमी पटेल के साथ विराट रैली निकालकर दीव की जनता से मांगा समर्थन





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 30 अप्रैल। दमण-दीव लोकसभा सीट के कांग्रेस उम्मीदवार केतन पटेल चुनाव प्रचार के लिए दीव पहुंच गये है। आज केतन पटेल ने अपनी धर्मपत्नी अमी पटेल के साथ दीव के बंदर चौक से भव्य रैली निकालकर जनता के मुद्दों को उठाते हुए जनसमर्थन मांगा। कांग्रेस उम्मीदवार केतन पटेल ने भाजपा के साथ-साथ प्रशासन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ही जनता को समस्या से निजात दिला सकती है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जीताकर दमण-दीव का लोकसभा में प्रतिनिधित्व कांग्रेस के हाथ में सौंपने का जनता को आह्वान किया। इस अवसर पर अमी पटेल ने भी खासकरके महिलाओं को आगे आकर इस बार कांग्रेस को जीताने की अपील की।

## भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल का मोटी दमण में बैक टू बैक सभाओं के साथ चुनाव प्रचार तेज

■ भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल का मगरवाडा, पटलारा और परियारी में हुआ भव्य स्वागत ■ भाजपा प्रभारी पूर्णेश मोदी और गुजरात के पूर्व विधायक गणपत वसावा ने भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल को भारी बहुमत से जीताने के लिए मतदाताओं को किया आह्वान



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 30 अप्रैल। दीव में चुनाव प्रचार करके दमण लौटने के बाद भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल ने आज मोटी दमण में बैक टू बैक सभाओं का आयोजन कर चुनाव प्रचार किया। भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल का चुनाव प्रचार करने के लिए भाजपा प्रभारी पूर्णेश मोदी और गुजरात के आदिवासी नेता तथा पूर्व विधायक गणपत वसावा भी चुनावी जनसभाओं में मौजूद रहे। गुजरात भाजपा कैडर के दोनों नेताओं ने दमण-दीव में हुए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए 7 मई को होने वाले मतदान के दिन भारी से भारी संख्या में भाजपा को वोट करके जीताने के लिए मतदाताओं का आह्वान किया। इन जनसभाओं में भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल ने भी मोदी सरकार की योजनाओं एवं पीएम मोदी के मार्गदर्शन में संघ प्रदेश थ्रीडी में हुए आमूल परिवर्तन एवं विकास से जनता को अवगत कराते हुए लगातार चौथी बार लोकसभा में दमण-दीव का प्रतिनिधित्व करने के लिए जनता का समर्थन मांगा। इन सभाओं में भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल का पुष्पहार से भव्य स्वागत भी किया गया। आज की सभाओं में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपेश टंडेल, उपाध्यक्ष नवीन पटेल, दमण जिला भाजपा अध्यक्ष अस्पी दमणिया, पूर्व सरपंच विजय पटेल, पटलारा जिला पंचायत सदस्य मेहुल पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतिष पटेल, मगरवाडा पूर्व सरपंच दिलीप नरसेम, चीनु पटेल, विक्रम हलपति, भाविक हलपति, विपुल पटेल, विनय पटेल, भूपेन्द्र पटेल, शीतल पटेल सहित बडी संख्या में भाजपा के समर्थक एवं ग्रामजनों की उपस्थिति रही।

## दमण में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों ने घर से किया मतदान




■ मतदान दिवस पर चुनाव ड्यूटी पर आवश्यक सेवाएं देने वाले लोगों का भी कराया गया मतदान

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 30 अप्रैल। भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा के साथ ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसके तहत प्रदेश में चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों से शुरू हो गई है। इसी क्रम में आज 30 अप्रैल 2024 को वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के जरिए वोट डाले हैं। यह सुविधा बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा उनके सहूलियत के लिए शुरू की गई थी। जिसके तहत उन्हें घर से वोट डालने जैसी खास रियायत दी है। दमण-दीव लोकसभा चुनाव का मतदान 7 मई को तीसरे चरण में होना है जिसके चलते 85वर्ष या उससे ज्यादा उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांगों ने आज मतदान किया है। इसमें कुल 41 मत डाले गए हैं। इसके लिए मतदान कर्मियों द्वारा इन मतदाओं के घर पहुंचे और मतदान प्रक्रिया पूरी कराई गई। इसी क्रम में जिला समाहर्तालय में मतदान दिवस पर चुनाव ड्यूटी पर आवश्यक सेवाएं देने वाले लोगों हेतु वोटिंग सर्विस कंपार्मेन्ट बनाया गया है। जिसके अंतर्गत पुलिस, अग्निशमन सहित का समावेश है। इसके तहत इसकी भी मतदान प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसमें कुल 12 मत डाले गए हैं। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग द्वारा अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने हेतु यह पहल शुरू की गई थी। जिससे कोई भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे। यह मतदान 2 मई 2024 तक वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर जाकर कराया जाएगा।

# भारत के राम का वैश्विक स्वीकार हुआ है: कथाकार प्रफुल शुक्ल

■ वटार में श्री राम कथा का हुआ मंगल आरंभ



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 30 अप्रैल। वटार जर्सिंग फलिया सुप्रसिद्ध कोटेश्वर महादेव मंदिर में विश्व विख्यात कथाकार प्रफुल शुक्ल की 866वीं मानस मनोरथी राम कथा का आज मंगलमय आरंभ हुआ। ठाकुर जी इवेंन्यु में सुबह 10 बजे कागभूसुंडी रामायण के पाठ के साथ प्रथम दिन का रामायण दशांश यज्ञ संपन्न हुआ। इससे पूर्व सविता पटेल और हार्दिक सुमन पटेल के निवासस्थान से कलश धारी बहनें और ढ़ोल नागाड़े के साथ विशाल संख्या में उपस्थित जन समूह के साथ भव्य पोथी यात्रा प्रस्थान हुई। मुख्य यजमान कपिल पटेल और उनके परिवार द्वारा पोथी और व्यास जी का पूजन हुआ। कथा का मंगलमय दीप प्रज्जवलन युवा नेता जिज्ञेश डी. पटेल, आशीष पटेल (हिन्दू जागरण मंच), राजेश उपाध्याय (भीमपोर), सिंपल अमृत पटेल (दाभेल), नरेंद्र पंड्या (वलसाड़) के हाथों हुआ। कथा के आयोजक समस्त ब्रह्म समाज के अग्रणी भीमपोर वाले चेतन जोशी द्वारा रामायण का प्रश्न पूछा गया। मनसुख उपाध्याय और जगदीश जोशी ने वेद मंत्रोचार किये। कथाकार प्रफुल शुक्ल ने व्यासपीठ से कहा कि जिसके अंदर मानवत्व का निर्माण हुआ हो वहीं राम कथा का अधिकारी है। प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक चलने वाली इस राम कथा में शिव पार्वती विवाह, रामजन्म उत्सव, सीताराम विवाह, केवट प्रसंग, भरत चरित्र, रामेश्वर पूजा, राम राज्याभिषेक आदि उत्सव मनाये जायेंगे। सभी भक्तजनों को कथा श्रवण करने का निमंत्रण दिया गया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर समाहर्तालय में मीडिया कर्मियों के साथ बैठक का आयोजन

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 30 अप्रैल। भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा के साथ ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसके तहत प्रदेश में चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों से शुरू हो गई है। इसी क्रम में आज जिला समाहर्तालय में उप समाहर्ता/सहायक निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मीडिया कर्मियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में दमण तथा आसपास के क्षेत्र के पत्रकार मौजूद थे। बैठक में उप समाहर्ता प्रियांशु सिंह ने सभी मीडिया कर्मियों को चुनाव में उनके कर्तव्यों और दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उप समाहर्ता द्वारा सभी को विस्तार से भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के बारे में जानकारी दी गई और 7 मई को आगामी लोकसभा चुनाव के मतदान दिवस पर रिपोर्टिंग के नियमों के बारे में बताया गया। उप समाहर्ता ने बताया कि कोई भी मीडियाकर्मी वोटिंग किसी भी मतदाता के वोट डालने के दृश्य की तस्वीर या वीडियोग्राफी नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सभी मीडिया कर्मियों को नियमों का पालन करना अनिवार्य है अन्यथा इसके उल्लंघनकर्ताओं पर उचित कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि आगामी 7 मई 2024 को संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली तथा दमण-दीव में मतदान किया जाना है जिसके चलते यह बैठक आयोजित की गई थी।

# पारा 43 डिग्री के पार, तेज धूप के कारण 2 लोगों की मौत, और कितना सताएगी भीषण गर्मी ?

मैदानी इलाकों से दक्षिण भारत तक प्रचंड गर्मी (रीप्ीशी ल्हीं३) हो रही है. कई राज्यों में लू का कहर देखने को मिल रहा है. यूपी-बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल तक लू का अलर्ट जारी किया गया है. वहीं, केरल में तेज धूप की चपेट में आने से दो लोग बीमार हो गए और उनकी मौत हो गई. महाराष्ट्र की बात करें तो वहां सोलापुर में पारा 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया और सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड हुआ. इस बीच, कुछ जगहों पर बारिश के आसार भी हैं. आइए जानते हैं कि आज आपके राज्य में कैसा मौसम रहने वाला है। स्काईमेट वेदर रिपोर्ट के अनुसार, अगले 48 घंटे में लद्दाख, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में कई जगहों पर हल्की से मीडियम बारिश और बर्फबारी संभव है. इसके अलावा आज जम्मू कश्मीर, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है. वहीं, उत्तराखंड में भी हल्की बारिश संभव है. अरुणाचल प्रदेश में भी हल्की से मीडियम बारिश और बर्फबारी की संभवना है। नॉर्थ-ईस्ट इंडिया में भी छिटपुट हल्की बारिश के साथ एक या दो जगहों पर मीडियम बारिश हो सकती है. विदर्भ, मराठवाड़ा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और साउथ ओडिशा के कुछ हिस्सों में बारिश और तूफान की संभावना है. वहीं, पंजाब के उत्तरी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छिटपुट ओले गिर सकते हैं. नॉर्थ हरियाणा और नॉर्थ-वेस्ट राजस्थान में हल्की बारिश और तूफान संभव है. केरल में भी हल्की छिटपुट बारिश हो सकती है। दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में ह्यूमिडिटी 21 प्रतिशत रही. आईएमडी ने आज आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान लगाया है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (उढउइ) के मुताबिक, दिल्ली में रविवार को एक्यूआई 165 रहा जो मीडियम कैटेगरी में आता है

# स्ट्रेटेजिक-क्रिटिकल मिनरल्स एक्सप्लोरेशन में निजी क्षेत्र की बढ़ेगी भागीदारी

**जयपुर ।**

स्ट्रेटेजिक और क्रिटिकल मिनरल्स के एक्सप्लोरेशन कार्य को गति देने के लिए निजी क्षेत्र की भी सक्रिय भागीदारी बढ़ाई जाएगी। भारत सरकार के माइंस मंत्रालय द्वारा इस संबंध में शीघ्र ही आवश्यक प्रावधान संभावित है। इसी को ध्यान में रखते हुए नए प्रावधानों के बाद प्रदेश के दो आरईई और एक पोटाश के ब्लॉकों के एक्सप्लोरेशन लाइसेंस के लिए नए सिरे से ई-नीलामी प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। राजस्थान सहित देश के कई राज्यों में 29 स्ट्रेटेजिक, क्रिटिकल व अन्य मिनरल्स के विपुल भण्डारों को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार के एक्सप्लोरेशन संस्थानों व उपक्रमों के साथ ही देश दुनिया की निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता की एक्सप्लोरेशन कार्य में सक्रिय सहभागिता तय करने के लिए प्रोत्साहित किया जाने का निर्णय किया जा रहा है।

इससे इस तरह के मिनरल्स के खोज कार्य में सरकारी के साथ ही निजी क्षेत्र के प्लेयर्स आगे आयेंगे और सरकार द्वारा प्रोत्साहन सहयोग से एक्सप्लोरेशन कार्य में तेजी आने के साथ ही गुणवत्ता भी आएगी।

देश में रेयर अर्थ एलिमेंट्स, पोटाश, लिथियम, टंगस्टन, केडमियम, कोबाल्ट, कॉपर, ग्रेफाइट, टिटेनियम, बेरेलियम, सिल्वर, जिंक, गोल्ड, लेड जैसे 29 तरह के क्रिटिकल, स्ट्रेटेजिक व अन्य मिनरल्स की देश दुनिया में काफी मांग होने के साथ ही अत्यधिक श्रमव समय साध्य होने व सरकारी प्रक्रिया की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार ने पहला निर्णय इन मिनरल्स के वैज्ञानिक व वैश्विक स्तरीय एक्सप्लोरेशन के लिए ईएल यानी की एक्सप्लोरेशन लाइसेंस की ई नीलामी का निर्णय किया गया।

पहले चरण में राजस्थान सहित कुछ प्रदेशों द्वारा ईएल नीलामी प्रक्रिया आरंभ की गई। अब केन्द्र सरकार एक्सप्लोरेशन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने का निर्णय करने जा रही है।

## आरएचआई मैग्नेसिटा इंडिया ने अजीम सैयद को सीएफओ नियुक्त किया

**नई दिल्ली ।** आरएचआई मैग्नेसिटा इंडिया ने अजीम सैयद को कंपनी का मुख्य वित्तीय अधिकारी और मुख्य निवेशक संबंध अधिकारी नियुक्त किया है। कंपनी ने कहा कि वह एक मई 2024 से कार्यभार संभालेंगे। अपनी नई भूमिका में वह भारत, पश्चिम एशिया और अफ्रीका क्षेत्र में वित्तीय प्रदर्शन को बढ़ाने और परिचालन दक्षता को सक्षम करने के लिए कार्यकारी दल के साथ मिलकर काम करेंगे। आरएचआई मैग्नेसिटा इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रमोद सागर ने कहा कि हम अजीम का मुख्य वित्तीय अधिकारी और मुख्य निवेशक संबंध अधिकारी के रूप में हमारे नेतृत्व दल में स्वागत करते हैं, उनका विशाल अनुभव तथा विशेषज्ञता हमारी वित्तीय रणनीतियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। क्षेत्र में बाजार अग्रणी के रूप में कंपनी की स्थिति को और मजबूत करेगी। विएना स्थित आरएचआई मैगनेसिटा की अनुषंगी कंपनी आरएचआई मैग्नेसिटा इंडिया लिमिटेड इस्पात, सीमेंट, अलौह धातुओं और कांच सहित प्रमुख उद्योगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले उच्च श्रेणी के रिफैक्टरी उत्पादों की आपूर्तिकर्ता है।



## ओला मोबिलिटी के सीईओ हेमंत बख्शी ने दिया इस्तीफा

**- 10-15 प्रतिशत कर्मचारियों की हो सकती है छंटनी**

**नई दिल्ली ।** ऑनलाइन कैब बुकिंग उपलब्ध कराने वाली कंपनी ओला मोबिलिटी के सीईओ हेमंत बख्शी ने नियुक्ति के चार महीने के भीतर ही इस्तीफा दे दिया है। मामले से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि कंपनी 10-15 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है। एक सूत्र ने कहा` कि हेमंत बख्शी ने तत्काल प्रभाव से कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। ओला कैब्स इकाई 10-15 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी कर सकती है। बख्शी जनवरी, 2024 में कंपनी में शामिल हुए थे। एक अन्य सूत्र ने कहा कि कंपनी के ओला कैब्स डिवीजन में जनवरी में करीब 900 लोग थे और छंटनी से 90-140 लोग प्रभावित हो सकते हैं। संपर्क करने पर ओला ने इस सूचना पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। ओला मोबिलिटी ने वित्त वर्ष 2022-23 में घाटा कम होकर 1,082.56 करोड़ रुपये होने की सूचना दी थी। वित्त वर्ष 2021-22 में उसे 3,082.42 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। ओला मोबिलिटी की मूल कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज का कुल संचित घाटा समूह स्तर पर बढ़कर 20,223.45 करोड़ रुपये पहंच गया और एकल आधार पर यह 31 मार्च, 2023 तक 19,649.27 करोड़ रुपये रहा। जनवरी 2024 तक कंपनी को कुल 31,441 करोड़ रुपये का वित्त पोषण प्राप्त हुआ है।

## टीईसी का भारत में राजस्व 2023 में बढ़कर 475 करोड़

**नई दिल्ली ।** हांगकांग स्थित सह-कार्यकारी कंपनी द एक्जीक्यूटिव सेंटर (टीईसी) का पिछले वित्त वर्ष में भारत में राजस्व 31 प्रतिशत बढ़कर 475 करोड़ रुपये रहा। टीईसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 2023 में भारत के कारोबार से हमारा राजस्व 475 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 31 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि है। भारत के कारोबार से कर पूर्व आय 2023 में करीब 35 प्रतिशत बढ़कर 159 करोड़ रुपये रही। भारतीय बाजार ने वैश्विक राजस्व में करीब 18 प्रतिशत और वैश्विक समायोजित कर पूर्व आय में 26 प्रतिशत का योगदान दिया। टीईसी अग्रणी प्रीमियम कार्यस्थल प्रदाताओं में से एक है। यह 15 देशों में उपस्थित है। इसके भारत में 40 सह-कार्य केंद्र हैं, जिनमें करीब 13,000 कार्यस्थल और 12 लाख वर्ग फुट क्षेत्र शामिल हैं।टीईसी इंडिया सात प्रमुख शहरों दिल्ली, गुरुग्राम, बेंगलुरु, मुंबई, पुणे, हैदराबाद और चेन्नई में उपस्थित है।

## स्मॉलकैप में 5 महीने में सबसे ज्यादा तेजी

**- बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप रिकॉर्ड स्तर पर**

**नई दिल्ली ।**

निफ्टी स्मॉलकैप 100 लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त पर रहा और इस महीने इसमें 11.4 फीसदी की तेजी आ चुकी है। नवंबर 2023 के बाद सूचकांक में एक महीने में यह सबसे बड़ी तेजी देखी गई है। दूसरी ओर निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक भी लगातार छह सत्रों में तेजी के साथ अप्रैल में करीब 6 फीसदी बढ़त में रहा। दिसंबर के बाद मिडकैप सूचकांक का किसी भी महीने में यह सबसे अच्छा प्रदर्शन है। मूल्यांकन ज्यादा होने की फिक्र और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की बुलबुले बनने की चेतावनी आने पर मार्च में दोनों सूचकांकों में बड़ी गिरावट आई थी। मगर इसके बाद दोनों सूचकांकों ने अपने नुकसान से ज्यादा की भरपाई की है। स्मॉलकैप 100 सूचकांक मार्च के निचले स्तर से 20 फीसदी चढ़ा है और निफ्टी मिडकैप 100 में 12 फीसदी की तेजी आई है। स्मॉल और मिडकैप सूचकांक में तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड 406.5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। साल की शुरुआत में बाजार पूंजीकरण 364 करोड़ रुपये था। इस महीने दोनों सूचकांकों ने सेंसेक्स और निफ्टी की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। सेंसेक्स और निफ्टी में इस महीने 1.4 फीसदी तेजी आई है। आईसीआईसीआई बैंक का तिमाही मुनाफा उम्मीद से बेहतर रहने से बेंचमार्क सूचकांकों का प्रदर्शन मंगलवार को बेहतर रहा है और इनमें 1 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 4 फीसदी से ज्यादा बढ़कर नई ऊंचाई पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक और ऐक्सिस बैंक के शेयर भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। बैंकिंग शेयरों में तेजी से बैंक निफ्टी सूचकांक 2.5 फीसदी बढ़त पर बंद हुआ। बाजार के भागीदारों ने कहा कि खुदरा निवेशकों और देसी संस्थागत निवेशकों के दम पर स्मॉल और मिडकैप में तेजी आई है वहीं अमेरिका में बॉन्ड यील्ड बढ़ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली के दबाव के कारण लार्जकैप का प्रदर्शन कमजोर रहा।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिश्रित संकेतों के साथ ही मुनाफावसूली हावी होने से आई है। आईटी और पावर शेयरों के खराब प्रदर्शन से भी बाजार नीचे आया। सुबह बाजार की अच्छी शुरुआत हुई पर अंतिम घंटे में मुनाफावसूली होने से बाजार टूट गया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 188.50 अंक करीब 0.25 फीसदी नीचे आकर 74,482.78 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 440.11 अंक बढ़कर 75,111.39 पर पहुंच गया था। इसी प्रकार पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 38.55 अंक तकरीबन 0.17 फीसदी नीचे आकर 22,604.85 पर बंद हुआ हालांकि कारोबार के दौरान बेंचमार्क 139.95 अंक ऊपर आकर 22,783.35 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, लार्सन एंड टुब्रो और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे ज्यादा गिरे। वहीं दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और मारुति प्रमुख रूप से बढ़े।




इससे पहले आज सुबह के कारोबारी` दिन घरेलू शेयर बाजार की तेजी के साथ शुरुआत हुई। बाजार के प्रमुख इंडेक्स हरे निशान में कारोबार करते दिख रहे हैं। एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 0.17 फीसदी बढ़कर 74,800.89 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं एनएसई निफ्टी 50 0.13 फीसदी बढ़कर 22,672.70 के स्तर पर आ गया। व्यक्तिगत शेयरों में, एमएंडएम बीएसई और एनएसई दोनों पर शीर्ष पर है। व्यापक बाजारों में निफ्टी स्मॉलकैप और मिडकैप क्रमशः 0.38 और 0.34 फीसदी में तेजी देखी गई।

एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का सियोल, टोक्यो और हांगकांग में तेजी रही जबकि चीन के शंघाई कम्पोज़िट में गिरावट रही। जापानी बैंकों के हस्तक्षेप की अटकलों के कारण जापान का येन रिकॉर्ड न्यूनतम स्तर से नीचे गिरा। यूरोपीय बाज़ार ज़्यादातर नीचे आये जबकि अमेरिकी वॉल स्ट्रीट में भी बढ़त रही। हैंग सेंग और कोस्पी में 0.6 फीसदी तक की तेजी आई। स्ट्रेट्स टाइम्स और ताइवान सपाट कारोबार करते दिखे।

इस बीच, वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड या कच्चा तेल की कीमत 0.21 फीसदी ऊपर आकर 88.59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गयीं। पिछले कारोबारी सत्र में बीएसई बेंचमार्क 941.12 अंक करीब 1.28 फीसदी उछलकर 74,671.28 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 223.45 अंक या 1 फीसदी बढ़कर 22,643.40 पर पहुंच गया। बुधवार को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर घरेलू बाजार बंद रहेंगे।

torrent POWER DNHDD

**बिजली बंद होने की सुचना**

उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणात्मक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क रखरखाव की योजना बनाई है। निम्न दर्शित संबंधित सबस्टेशनों के सामने दिखाए गए क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए, निम्न लिखित समय पर बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। हालांकि, बिजली आपूर्ति निर्धारित समय से पहले शुरु करने के सभी प्रयास किए जाएंगे।

| दिनांक | सबस्टेशन | फीडर | क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|
| ०३/०५/२०२४ शुक्रवार समय : ९.०० से १८.०० | वेलुगाम | ११ केवी वेलुगाम रुरल-१ | वेलुगाम बरफपाडा, वेलुगाम पटेलपाडा, वेलुगाम दावारपाडा, आप्टी पटेलपाडा, आप्टी आवारपाडा, मांडवबारी, किरण स्पिनिंग इन्ड., श्रीजी वुड क्राफ्ट |
| | | ११ केवी वेलुगाम इन्डस्ट्रीयल | सुरंगी पारसीपाडा, सुरंगी वडियापाडा, सुरंगी पटेलपाडा, सुरंगी दादरीपाडा, सुरंगी कडुपाडा, सुरंगी धोधीपाडा, ओइस्टर इन्डस्ट्री, शिवम प्रोटेक्टो, नेमी इन्ड., आलोक इन्ड., यूनिको प्रिन्ट |

असुविधा के लिए खेद है

दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव पावर डिस्ट्रीब्युशन कोर्पोरेशन लिमिटेड प्रस्तुत करता है वरिष्ठ एवं दिव्यांग नागरिकों के लिए विभिन्न बिजली संबंधित सेवाए, जिनको अब घर बैठे कॉल करके प्राप्त किया जा सकता है।

● बिजली बिल में नाम बदलना ● बिजली कनेक्शन के स्थान मे परिवर्तन
● बिजली आपूर्ति में सुधार ● नए बिजली कनेक्शन के लिए
● बिजली बिलों का भुगतान

आपकी सेवा में सदैव उपस्थित
24/7 Helpline 9099991912, 18002339500, 19126, 18002705551
connect.torrentpower.com
connect.dnhdd@torrentpower.com

(पेज 8 का शेष समाचार)

## दीव प्रशासन एवं निर्वाचन प्रकोष्ठ के अधिकारियों...

साथ ही बैठक में चुनाव के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। ज्ञात हो कि मतदान हेतु मतदाताओं में व्यापक जागरूकता के लिए स्वीप गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए जनरल ऑब्जर्वर महोदया ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अब तक हुए स्वीप गतिविधियों की जानकारी ली और चुनाव से पहले इन गतिविधियों को और भी गहनता से आयोजित करने पर बल दिया। ताकि मतदाता मतदान के अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करते हुए अधिक से अधिक संख्या में बढ़-चढकर मतदान करें और लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भूमिका निभाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। दमण-दीव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 7 मई 2024 को लोकसभा सामान्य चुनाव हेतु दीव प्रशासन द्वारा लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में समाहर्ता/जिला निर्वाचन अधिकारी भानु प्रभा सहित अपर जिलाधीश डॉ. विवेक कुमार, उप समाहर्ता शिवम मिश्रा एवं निर्वाचन प्रकोष्ठ के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हिमाचल प्रदेश में बारिश और बर्फबारी का डबल ट्रबल! अटल टनल में फंसे 6000 सैलानी बचाए गए

हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश और बर्फबारी हुई है. मौसम के इस डबल अटैक ने आफत खड़ी कर दी. तीन नेशनल हाईवे और 60 सड़कें बंद करनी पड़ीं. लाहौल और स्पीति को कुल्लू से जोड़ने वाली अटल सुरंग भी बर्फबारी से प्रभावित हुई. टनल के साउथ पोर्टल पर करीब 5 इंच बर्फबारी दर्ज की गई. रिपोर्ट्स के मुताबिक, डेढ़ हजार गाड़ियों में करीब 6,000 टूरिस्ट यहां फंस गए थे. पुलिस और स्थानीय प्रशासन की मदद से उन्हें सकुशल बचा लिया गया है. हिमाचल के ऊपरी इलाकों में पिछले 24 घंटों से लगातार रुक-रुक कर भारी बर्फबारी हो रही है. निचले इलाकों में भारी बारिश के साथ ओले भी गिरे. बर्फबारी और बारिश से हिमाचल के कई हिस्सों का तापमान खासा गिर गया है. हमीरपुर में -11.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ. अधिकतर ऊपरी इलाकों का तापमान -6 से -13 डिग्री के बीच पहुंच गया है. मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिन तक बारिश से राहत के आसार नहीं हैं. हां, उसकी तीव्रता में जरूर कमी आ सकती है. दो मई के बाद, मौसम में सुधार का अनुमान है। ताजा बर्फबारी के चलते सड़कों पर बर्फ की मोटी चादर जम गई. डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (ऊढ) केडी शर्मा के मुताबिक, 'अटल टनल के साउथ पोर्टल पर बर्फ से लदी सड़क पर करीब 1000 गाड़ियां फंसी थीं। अटल टनल, लाहौल और स्पीति जिले को कुल्लू से कनेक्ट करती हैं. इसके साउथ पोर्टल पर फंसे करीब 6,000 टूरिस्ट्स का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया. शर्मा के मुताबिक, गाड़ियों को सुरक्षित मनाली, सोलांग और पलचान लाया गया. अटल टनल के पास सोमवार सुबह को भी बर्फबारी हुई. शिमला के साथ कांगड़ा और अन्य इलाकों में बारिश की रिपोर्ट्स हैं. चंबा में 11.0 मिमी, सेओबाग में 7.8 मिमी, तिस्सा और भरमौर में 4.0 मिमी, डलहौजी में 3.00 मिमी और जोत में 2.4 मिमी बारिश हुई। मनाली में 2.0 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि कुकुमसेरी में 1.6 मिमी बारिश हुई. भारत मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के लिए यलो अलर्ट जारी किया है. कई इलाकों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है. तेज हवाओं (30-40 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ बिजली कड़कने की भी आशंक । है. क्टऊ के अनुसार, सोलन, बिलासपुर, शिमला, मंडी, हमीरपुर जैसे जिलों में मौसम बिगड़ा रहेगा. लाहौल-स्पीति, कुल्लू और किन्नौर में कई जगहों पर बारिश की संभावना है।

# 300 यूनिट फ्री बिजली वाली 'पीएम सूर्य घर' योजना का कैसे लें लाभ, जानें पूरी प्रक्रिया

■ देशवासियों को 300 यूनिट बिजली फ्री मिलने का है रास्ता पीएम सूर्य घर योजना











एजेंसी, नई दिल्ली 30 अप्रैल। पूरे देश में पीएम सूर्य घर योजना की चर्चा है। देशवासी इस योजना के माध्यम से 300 यूनिट फ्री बिजली का लाभ लेने के लिए लगातार तत्पर है। ऐसे में इस योजना से जुडे कई सवाल नागरिकों के मन में उठते है कि आखिरकार पीएम सूर्य घर योजना का लाभ कैसे ले?

आपको बता दे कि पीएम सूर्य घर योजना यह रूफटॉप सोलर स्कीम है। इसके तहत 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। इस नई स्कीम से एक करोड़ घरों को मुफ्त बिजली का फायदा मिलेगा। देश के ऐसे नागरिक जो बढ़ते बिजली बिलों की समस्या से जूझ रहे थे अब उन्हें इस योजना के जरिए काफी राहत मिलेगी। क्योंकि अब उनके घरों में सोलर पैनल लग जाने से उनकी बिजली बिल में कमी आएगी साथ ही सरकार द्वारा सोलर पैनल लगवाने पर सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। इस योजना के माध्यम से लोगों के घरों में सोलर पैनल लग जाने से उनके बिजली बिलों में कमी की जा सकेगी जिससे गरीब लोगों को काफी राहत मिलेगा। इस योजना का सीधा लाभ गरीब व मध्यम वर्ग के परिवारों को मिलने वाला है। आगे इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको पीएम सूर्य घर योजना क्या है? इस योजना को शुरू करने का उद्देश्य क्या है, इस पीएम सोलर पैनल योजना से क्या-क्या लाभ मिलेंगे, आवेदन हेतु पात्रता, आवश्यक दस्तावेज और आवेदन प्रक्रिया आदि के बारे में पूरी जानकारी देंगे।

## पीएम सूर्य घर योजना के लाभ क्या है



पीएम सूर्य घर योजना की घोषणा 22 जनवरी 2024 को की गई है। इस योजना के माध्यम से देश के गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों के घरों पर सोलर पैनल लगवाए जाएंगे। इस योजना के जरिए सोलर पैनल लग जाने पर नागरिकों के बिजली बिलों के खर्च को कम किया जा सकेगा। पीएम सूर्य घर योजना का लाभ देश के एक करोड़ गरीब लोगों को मिलेगा। इस योजना से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का बिजली बिल तो कम होगा ही, साथ ही भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा।

## पीएम सूर्य घर योजना का लाभ सिर्फ भारतीय नागरिकों को ही मिलेगा



पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन भारत का स्थाई निवासी होना चाहिए। इस योजना का लाभ गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को मिलेगा। आवेदन करने वाले व्यक्ति के पास अपना स्वयं का आवास होना जरूरी है। योजना में आवेदन करने के लिए आवेदक के पास सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।

## अगर आप पीएम सूर्य घर योजना में आवेदन के लिए पात्र हैं तो आपको कुछ दस्तावेजों की भी आवश्यकता पड़ेगी जिसकी जानकारी नीचे दी गई है



**आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बिजली बिल, मोबाइल नंबर, बैंक खाता पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो**

## कितनी मिलेगी सब्सिडी?

हर परिवार के लिए दो किलोवॉट तक के रूफटॉप सोलर प्लांट पर बेंचमार्क कॉस्ट की 60 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी।

इसके बाद अगले एक किलोवॉट पर 40 प्रतिशत और सब्सिडी मिलेगी। वर्तमान बेंचमार्क प्राइसेज पर 3 किलोवॉट के प्लांट पर एक लाख 45 हजार रुपये की लागत आएगी। एक किलोवॉट के लिए 30 हजार रुपये और 2 किलोवॉट के सिस्टम्स के लिए 60 हजार रुपये और 3 किलोवॉट या इससे अधिक सिस्टम्स के लिए 78 हजार रुपये सब्सिडी बनती है

**कौन ले सकता है लाभ?**

**पहला:** आवेदक को भारतीय नागरिक होना चाहिए

**दूसरा:** सोलर पैनल गलाने के लिए छत वाला घर होना चाहिए

**तीसरा:** परिवार के पास वैध बिजली कनेक्शन होना चाहिए

**चौथा:** परिवार ने सोलर पैनलों के लिए किसी अन्य सब्सिडी का लाभ नहीं लिया हो

## क्या है रजिस्ट्रेशन का तरीका?

कहां करें अप्लाई, ये है वेबसाइट : https://pmsuryaghar.gov.in वेबसाइट पर अप्लाई फॉर रूफटॉप सोलरपर जाएं।

**पहला स्टेप:** अपना राज्य चुनें, इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी का चयन करें, अपना बिजली उपभोक्ता खाता (सीए) नंबर दर्ज करें, मोबाइल नंबर दर्ज करें, ई-मेल दर्ज करें

**दूसरा स्टेप:** सीए नंबर और मोबाइल नंबर के साथ लॉगइन करें, फॉर्म के अनुसार रूफटॉप सोलर के लिए आवेदन करें

**तीसरा स्टेप:** अप्रूवल का इंतजार करें। एक बार जब आपको अप्रूवल मिल जाए तो किसी भी रजिस्टर्ड वेंडर्स से प्लांट इंस्टॉल करवा लें

**चौथा स्टेप:** एक बार इंस्टॉलेशन पूरा हो जाने पर प्लांट के डिटेल्स दें और नेट मीटर के लिए आवेदन करें

**पांचवां स्टेप:** नेट मीटर के इंस्टॉलेशन और निरीक्षण के बाद पोर्टल से सर्टिफिकेट जेनरेट कर पाएंगे

**छठा स्टेप:** रिपोर्ट मिल जाने के बाद पोर्टल के जरिए बैंक खाते की डिटेल और एक कैंसल चेक जमा करें। 30 दिनों के अंदर खाते में सब्सिडी मिल जाएगी

# आखिर कब तक मजबूर रहेगा मजदूर

मजदूर दिवस पर विशेष



रमेश सर्राफ धमोरा

हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारे मजदूरो के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बाते लिखी होती हैं। किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं। सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरो के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं।

श्रमिक अपना श्रम बेचकर न्यूनतम वेतन प्राप्त करता है। यही कारण है कि पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। इसलिए यह दिन अंतरराष्ट्रीय श्रमिक संघों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए है। इस प्रकार, यह समाज में उनके योगदान की सराहना करने और उसे पहचानने का एक विशेष दिन हैं। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर आज तक तो कहीं ऐसा हो नहीं पाया है।

किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। हमारे देश में मजदूरों का शोषण आज भी जारी है। समय बीतने के साथ मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है।

मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार की अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2024 की थीम है सामाजिक न्याय और सभी के लिए सभ्य कार्य। इसके अलावा भी कई बिंदुओं को रखा गया है। इस थीम का उद्देश है मजदूरों की गरिमा का ख्याल रखना और उन्हें शांतिपूर्ण कामकाजी वातावरण प्रदान करना।

महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे। मगर ऐसा होता नहीं है। मालिक आज भी मालिक बने हुये हैं। मजदूर सिर्फ मजबूर होकर रह गया है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। हमारे देश की सरकार भी मजदूर हितों के लिए बहुत बातें करती है। बहुत सी योजनाएं व कानून बनाती है। मगर जब उनको अमलीजामा पहनाने का समय आता है तो सब इधर-उधर ताकने लग जाते हैं। मजदूर फिर बेचारा मजबूर बनकर रह जाता है।

गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने ह्यकाम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध



निकालना का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था।

मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है।

भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इस की शुरूआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प के पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 मुल्कों में पहली मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है।

हमारे देश केमजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है ही उनको कोई ढ़ग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं।

बड़े शहरों में झोंपड़ पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है ना हीं किसी राजनीतिक दलों के नेताओं को। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़ पट्टी बस्तियों में ना रोशनी की सुविधा रहती है। ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़ पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटो धूप में खडे रहकर बड़ी बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नही हो पाता है।

हमारे देश में आज सबसे ज्यादा काई प्रताड़ित व उपेक्षित है तो वो मजदूर वर्ग है। मजदूरो की सुनने वाला देश में कोई नहीं हैं। कारखानो में काम करने वाले मजदूरो पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि ना जाने कब मालिक उनकी छटनी कर काम से हटा दे। कारखानो में कार्यरत मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है। विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। मजबूरी में मजदूर कारखाने के मालिक की शर्तों पर काम करने को मजबूर होता है। कारखानो में श्रम विभाग के मापदण्डो के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधायें नहीं दी जाती है।

कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बिमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरो को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिको द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है। मगर मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये बनी मजदूर यूनियनो को मजदूरो की बजाय मालिको की ज्यादा चिंता रहती है। हालांकि कुछ मजदूर यूनियने अपना फर्ज भी निभाती है मगर उनकी संख्या कम है।

हमारे देश का मजदूर दिन प्रतिदिन और अधिक गरीब होता जा रहा है। दिन रात रोजी-रोटी के जुगाड़ में जद्दोजहद करने वाले मजदूर को तो दो जून की रोटी मिल जाए तो मानों सब कुछ मिल गया। आजादी के इतने सालो में भले ही देश में बहुत कुछ बदल गया होगा। लेकिन मजदूरों के हालात तो आज भी नहीं बदले हैं तो फिर श्रमिक वर्ग किस लिये मजदूर दिवस मनाये।

हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारे मजदूरो के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बाते लिखी होती हैं। किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं। सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरो के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

## संपादकीय

### दोहराइए आरक्षण रहेगा

आरक्षण एक बार फिर चुनाव मैदान में है। अंतर केवल इतना है कि अबकी इसे लालू प्रसाद ने नहीं, कांग्रेस ने लाया है। इसके नेता राहुल गांधी अपनी चुनावी सभाओं में भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को आरक्षण मिटाने वाला गैंग कह रहे हैं। इससे भाजपा आत्मरक्षात्मक मुद्रा में आ गई है। उसे 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में मिली चोट ताजा हो गई है। तब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने चुनाव-बीच आरक्षण की समीक्षा की बात कर चौंका दिया था। यद्यपि संविधान में इसका जिक्र है कि 15 साल बाद इसकी समीक्षा की जाएगी और उस आधार पर हटाया भी जा सकता है, लेकिन संसद सर्वसम्मत से इसे आगे बढ़ाती रही है। यह मान लिया गया है कि भारतीय समाज इस उन्नत दशा में नहीं पहुंचा है कि आरक्षण की समीक्षा की जाए। इसे ध्यान में रखकर ही भागवत के बयान पर सफाई दी गई और दिलाई भी गई। पर राजद नेता लालू प्रसाद ने बड़ी कुशलता से मतदाताओं का रुख बदल दिया था। भाजपा बिहार में कमांडर होते-होते रह गई थी। इस बार भी कांग्रेस के प्रचार से ऐसे परिणाम के आसार नजर आ रहे हैं। जब 2024 के चुनाव में, नरेन्द्र मोदी की भाजपा ने 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया तो विपक्ष ने, इतनी सीटों को संविधान बदलने, लोकतंत्र नष्ट करने के उसकी 'हवस' से जोड़ दिया। इसमें भाजपा के कुछेक अदूरदर्शी नेताओं के बयान-भाषणों ने भी कांग्रेस का साथ दिया। आरक्षण पर आरएसएस का शुरू से ही एक रिजर्वेशन रहा है। इसलिए जब भी ऐसी चर्चा होती है, संघ के स्थापना काल का नजरिया सामने आ जाता है। भागवत इससे इनकार करते हैं। यह सच है कि मोदी का मौजूदा मंत्रिमंडल आरक्षण के व्यवहारतः निर्वाह का सुंदर प्रमाण है। यह स्वतंत्र भारत का ऐसा पहला मंत्रिमंडल है। खुद मोदी ओबीसी हैं। फिर भारतीय राजनीतिक चेतना के मौजूदा स्तर को देखते हुए संविधान, चुनाव या लोकतंत्र तथा आरक्षण को खारिज करने की किसी दल की हिमाकत, उसकी सियासी खुदकुशी होगी। इसके लिए कौन दल तैयार होगा? आरक्षण, संविधान और लोकतंत्र सब रहेगा। यह बिल्कुल प्रचार के लिए प्रचार की बात है। इसमें वह कांग्रेस अपरहैंड है। भाजपा सफाई तो दे रही है पर इसका प्रतिकारी विमर्श कम बना रही है। कांग्रेस के मैनिफेस्टो, उसके विज्ञापन एवं उसके नेताओं के मुद्दे भाजपा के लिए एक छटपटाहट पैदा करते हैं। एक दशक धुआंधार कार्यक्रम चलाने वाली सत्ताधारी पार्टी के पास विपक्ष को घेरने के मुद्दे में टटकापन नहीं है।



## चिंतन-मनन

### विनम्रता का पाठ

पंडित विद्याभूषण बहुत बड़े विद्वान थे। दूर-दूर तक उनकी चर्चा होती थी। उनके पड़ोस में एक अशिक्षित व्यक्ति रहते थे-रामसेवक। वे अत्यंत सज्जन थे और लोगों की खूब मदद किया करते थे। पंडित जी रामसेवक को ज्यादा महत्व नहीं देते थे और उनसे दूर ही रहते थे। एक दिन पंडित जी अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी एक राहगीर उधर आया और मोहल्ले के एक दुकानदार से पूछने लगा-भाई यह बताओ कि पंडित विद्याभूषण जी का मकान कौन सा है। यह सुनकर पंडित जी की उत्सुकता बढ़ी। वह सोचने लगे कि आखिर यह कौन है जो उनके घर का पता पूछ रहा है। तभी दुकानदार ने उस राहगीर से कहा-मुझे तो किसी पंडित जी के बारे में नहीं मालूम। तब राहगीर ने कहा-क्या रामसेवक जी का घर जानते हो?

दुकानदार ने हंसकर कहा-अरे भाई उन्हें कौन नहीं जानता। वे बड़े भले आदमी हैं। फिर उसने हाथ दिखाकर कहा- वो रहा रामसेवक जी का घर। फिर दुकानदार ने राहगीर से सवाल किया-लेकिन आपको काम किससे है? पंडित जी से या रामसेवक जी से? राहगीर कहने लगा-भाई काम तो मुझे रामसेवक जी से है। पर उन्होंने ही बताया था कि उनका मकान पंडित विद्याभूषण जी के पास है। यह सुनकर पंडित जी ग्लानि से भर उठे। सोचने लगे कि उन्होंने हमेशा ही रामसेवक को अपने से हीन समझा और उसकी उपेक्षा की पर रामसेवक कितना विनम्र है। वह खुद बहुत प्रसिद्ध होते हुए भी उन्हें ज्यादा महत्व देता है। उसी रात पंडित जी रामसेवक के घर गए और उससे क्षमायाचना की। फिर दोनों गहरे मित्र बन गए।

# मोबाइल की आभासी दुनिया में खोता बालमन

सोशल मीडिया पर आए दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रूम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने-अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्स ऐप या इसी तरह के किसी दूसरे ऐप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वो ही आएगा जो अधिक ग्लैमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चैटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे।

इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों-बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही है वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलो करते करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। सोशियल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते-देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बैन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है। भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफार्म, ऐप आदि पर रोक लगाने के लाख दावे किए जाते हों पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करे, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक-दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशियल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चे को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टैबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से बच्चे गुस्सैल होते जा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल में गोलीबारी सहित एक-दूसरे से मारामारी-हाथापाई व इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चे, गेमिंग, सोशियल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सैल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेश लड़कों और लड़कियों दोनों में ही समान रूप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किए गए एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है। कोई दोराय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्मार्ट फोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। प्लेटफार्मों पर चाइल्ड लोक की बात भी की जाती है पर चाइल्ड लोक कितना कारगर है यह हम सब अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि मोबाइल फोन, टैब, कम्प्यूटर, सोशियल मीडिया प्लेटफार्म आदि के फीचर्स व उपयोग का तरीका बड़ों से ज्यादा बच्चों को आता है। यहां तक कि प्ले ग्रुप के बच्चे को भी यह जानकारियां होने लगी हैं। ऐसे में इन पर परोसी जाने वाली सामग्री को सेंसर करने या इससे बच्चों और बालपन को दूर रखने की बात बेमानी होती जा रही है। समाज विज्ञानियों, मनोविश्लेषकों, चिकित्सकों यहां तक शिक्षाविदों के सामने यह गंभीर चिंतनीय चुनौती सामने आ रही है। आज बच्चे के सामने दो विकल्प एक मोबाइल फोन या सोशियल मीडिया पर सफरिंग और दूसरा परिवार के साथ गप्पे लड़ाना या आउटडोर गेम्स जैसा विकल्प होगा तो बच्चे की पहली पसंद मोबाइल फोन व सोशियल मीडिया पर सफरिंग ही होती जा रही है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है और दूसरा यह कि गरीब हो या अमीर सभी घर परिवारों के हालात लगभग यही है। दरअसल आज समय के बदलाव को इस तरह से समझा जा सकता है कि तीन से चार दशक पहले मोहल्ले में एक फोन होता था, ट्रंक काल में तो घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी वहीं फिर एसटीडी का युग आया और एसटीड़ी बूथों का अंबार लग गया उसके बाद पेजर युग को अलग कर भी दिया जाए तो मोबाइल युग ने घर-घर ही नहीं अपितु परिवार के



लगभग सभी सदस्यों तक पहुंच बना ली है। ऐसे में इसके लाभ के साथ ही साइड इफैक्ट जो हमारे सामने आ रहे हैं उनका समाधान खोजना भी सबका दायित्व हो जाता है। बच्चे को चुप कराने से लेकर उसे व्यस्त रखने तक के लिए मोबाइल की घुट्टी पिलाई जाने लगी है और लोरी की जगह मोबाइल ने ले ली है तो फिर हमें बालमन पर इसके पड़ रहे दुष्प्रभाव से दोचार होने के लिए तैयार रहना होगा। देखा जाए तो पूरा सामाजिक ताना-बाना ही बदल गया है। एकल परिवार, आने वाले समय में चाचा-चाची, मौसा-मौसी या इसी तरह के रिश्तों की तलाश आदि सामने आने लगी है। शादी विवाह आदि पारिवारिक फंक्शन तक अब औपचारिक होते जा रहे हैं। बारात के समय पहुंचना, खाना-खाना, लिफाफा थमाना तक रिश्ते सीमित हो गए हैं। ऐसे में समाज के सामने गंभीर समस्याएं आती जा रही हैं। ऐसे में मोबाइल या सोशियल मीडिया प्लेटफार्म आने वाली पीढ़ी को कहां ले जाएंगे यह भयावह तस्वीर कल्पना में नहीं अपितु हमारे सामने आती जा रही है। समय रहते विकास और विनाश के बीच कोई रास्ता तलाशना ही होगा।

*- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

# रेडिमेड खाना : गुणवत्ता की गारंटी भी जरूरी



ऋतुपर्ण दवे

यूं तो सोशल मीडिया पर सचेत करते हुए कई वीडियो और दावे सामने आते रहते हैं, लेकिन कितने सच होते हैं, यह सामान्यतया कोई भी नहीं कह सकता। हालांकि कभी-कभी कोई ऐसा वीडियो सामने आ जाता है जो विचलित कर देता है और अक्सर लोग सच्चाई जाने बिना ही भरोसा कर बैठते हैं। ऐसा ही एक वीडियो बीते दिनों बहुत तेजी से वायरल हुआ जिसमें हरी टी शर्ट पहना एक छोटा बच्चा जो कि किसी मेले में दिख रहा है। एक दूकानदार से गिलास में कुछ लेता है जिसमें बहुत तेज सफेद और गाढ़ा धुआं निकलता है। बच्चा उसे पीता है और तुरंत पेट पकड़कर चीखने-चिल्लाने लगता है। बच्चे को तुरंत चिकित्सकीय मदद पहुंचाई गई। बहरहाल, वीडियो की सत्यता=असत्यता से परे हटकर सोचें तो अगर वाकई में ऐसा है तो हम सभी को गंभीरता से इस बारे में सोचने की जरूरत है।

वीडियो में दिख भी रहा है कि उस पर स्मोक बिस्किट लिखा है। आजकल ऐसे पदार्थ खाने को सजावटी आकार देने के साथ बच्चों में आकषर्ण बढ़ाने के लिए बनाना आम हो गया है, जिनमें ड्राई आइस या लिक्विड नाइट्रोजन का अनुपातहीन उपयोग आम सा हो गया है। भारत में इसका तेजी से पार्टीयों या पिकनिक, मेलों में चलन बढ़ रहा है। वास्तविकता यह है कि बच्चा दावणगेरे में परिजनों के साथ एक प्रदशर्नी में गया था और उसने वहां पर एक स्टॉल से स्मोक बिस्किट लिया और उपयोग करते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। सुकून की बात है कि वीडियो के जरिए फैलाई जा रही मौत की बातें अफवाह निकली, लेकिन इस वीडियो ने कई सवाल जरूर पैदा कर दिए। क्या आम दावतों, पार्टीयों, चौपाटियों या चाट, पकौड़े, आईसक्रीम या ठण्डाई के नाम पर बिना किसी स्वीकृति के कुछ भी उपयोग की इजाजत है? और क्या भारत में कहीं भी कोई अपनी मनमर्जी से स्वाद या आकषर्ण बढ़ाने के लिए किसी भी प्रतिबंधित, घातक या अनुपातहीनमात्रा में मसाले, रसायन खाने में उपयोग कर सकते हैं? इस पर लोग कितना जागरूक हैं? स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह ऐसी चीजों के इस्तेमाल का क्या कोई तय पैमाना है और है तो इसका कैसे हो? सबको पता है कि पूरे देश में चाहे गांव, कस्बा, महानगर हर कहीं बाजार में तैयार खाने का चलन बहुत तेजी से बढ़ा है। देश में रेस्टॉरेन्ट, होटल और ढाबों में लोगों के शौकिया आना-जाना भी खूब बढ़ा है।

आउटिंग या बाहर खाने के चलन ने ऑनलाइन फुड को एक नई इंडस्ट्री की शक्ल दे दी, लेकिन सवाल यही कि आखिर बाजार में बिकने वाला रेडीमेड खाना स्वास्थ्य के लिहाज कितना मुफीद है? क्या इस तरह के खाना बनाने वाले ठिकानों और सप्लाई के लिए पहुंचाने के दौरान बनाने और खाने वालों के बीच खाने की गुणवत्ता में बदलाव या स्तरहीनता को परखने का कोई तंत्र है? शायद नहीं और हो भी तो लोगों ने कभी बीच सड़क खाने की जांच होते या सैम्पलिंग देखी नहीं। ऐसे सवाल उठने वाजिब हैं। सड़कों के किनारे ढाबे हों या बीच शहर के होटल या स्ट्रीट फूड की जगहें। कभी यहां नियमित जांच होती हैं या हुई लोगों को ध्यान नहीं आता। निश्चित रूप से ऐसी निगरानी उस क्षेत्र के जिला प्रशासन के अधीन होती हैं, लेकिन सवाल वही कि इस पर अमल कैसा होता है? जिस तेजी से बाहर खाने का चलन बढ़ रहा है और तैयार खाने का ऑनलाइन कारोबार बढ़ रहा है जो उद्योग की शक्ल अख्तियार कर रहा है।

तमाम तरह के टैक्स के दायरे में भी आता है परन्तु गुणवत्ता को लेकर किस तरह के निर्देश हैं या अमल करना है इस पर आम लोगों को कुछ पता नहीं होता। समय के साथ अब इस बात पर भी सख्त कानून बने और पालन में भी कठोरता की जाए ताकि रेडीमेड फूड उद्योग भी एक पारदर्शी निगरानी व्यवस्था के दायरे में आए। बना बनाया या बनाकर खाने के बेचने या पैक कर घर-घर पहुंचाने का रिटेल या थोक कारोबार हो या स्ट्रीट वेन्डर से लेकर पांच सितारा होटलें इनकी गुणवत्ता की जांच के लिए हर कहीं सूचना पटल हों। महानगरों, शहरों और दूकानों में बड़े-बड़े होर्डिंग, बैनर या पोस्टर अनिवार्य हों, जिनसे लोगों की इस बारे में जागरूकता बढ़े। हर दुकानदार, खाने की सामग्री बेचने वाले ठिकानों पर उस क्षेत्र के स्थानीय नियंत्रणकर्ता एजेंसी की जानकारी तथा संपर्क



सूची भी लगाई जाए जहां पर गुणवत्ता में दोष की शिकायत की जा सके।

इतना ही नहीं विशेष परिस्थितियों में खाने के सैंपल को जांचने के लिए स्थानीय सरकारी विभाग भी तत्पर रहे। अब तक ऐसे गंभीर मामले या तो पुलिस के पास पहुंचते हैं या फिर हीला-हवाली में ही अपराध के बावजूद अनदेखे रह जाते हैं। खाने में कीड़े, कॉकरोच मिलने या खाकर बीमार पड़ने की शिकायतें तो सामने आती हैं, लेकिन कभी कोई कार्रवाई हुई हो ज्यादातर पता नहीं चल पाता। जिस तेजी से बने बनाए खाने के चलन के साथ बाहर खाने का रिवाज बढ़ रहा है उससे इस कारोबार पर भी बहुत कड़ी निगाह रखे जाने की जाने की जरूरत है। इसके लिए ऐसे कानून की जरूरत है जो देशव्यापी हो और सबको पता हो ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ के मामले बढ़ने से पहले ही नियंतण्रमें रहें और जनस्वास्थ्य को बड़ी चुनौती का बेखौफ रिवाज जैसा चलन भी न पनप पाए।

# टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे रोहित, पांड्या होंगे उपकप्तान



**मुम्बई (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने एक जून से वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए की 15 सदस्यीय घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा टीम की अगुवाई करते हुए नजर आएंगे जबकि हार्दिक पांड्या को उप-कप्तान बनाया गया है। भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 05 जून 2024 को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। इसके बाद 09 जून 2024 को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबला होगा।

टीम में विराट कोहली के साथ यशस्वी जायसवाल को जगह मिली है। सूर्यकुमार यादव की भी टीम में वापसी हुई है। इसी के साथ ही विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत और संजू सैमसन दोनों को टीम में शामिल किया गया है। ऑलराउंडर के रूप में शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल नजर आएंगे।

गेंदबाजों में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल की जोड़ी एक बार फिर मैदान पर दिखाई देगी जबकि प्रभावी अर्शदीप सिंह को मौका दिया गया है। तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज भी नजर आएंगे। टीम में मोहम्मद शमी को जगह नहीं मिली है क्योंकि वह रिकवरी पर हैं। इसके अलावा शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान को रिजर्व के तौर पर रखा गया है।

### टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**रिजर्व :** शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान

### टी20 विश्व कप 2024 में भारत का शेड्यूल

05 जून : भारत बनाम आयरलैंड, नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क

09 जून : भारत बनाम पाकिस्तान, नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क

12 जून : यूएसए बनाम भारत, नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क

15 जून : भारत बनाम कनाडा, सेंट्रल ब्रोवार्ड पार्क एंड ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, लॉडरहिल

# मैड्रिड ओपन : नडाल ने कड़े मुकाबले में केचिन को हराया, स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**मैड्रिड (एजेंसी)।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में तीन घंटे से अधिक चले कड़े मुकाबले में पेड्रो केचिन को तीन सेट में शिकस्त दी। नडाल ने दुनिया के 91वें नंबर के खिलाड़ी केचिन को पुरुष एकल मुकाबले में 6-1, 6-7, 6-3 से हराया। पांच बार के चैंपियन नडाल ने इस जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल अगले दौर में 31वें नंबर के खिलाड़ी जिरी लेहेका से भिड़ेंगे। शीर्ष वरीय यानिक सिनर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाने के बावजूद पावेल कोतोव को 6-2, 7-5 से हराने में सफल रहे। वह प्री क्वार्टर फाइनल में 16वें वरीय कारेन खचानोव से भिड़ेंगे। तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव हार से सिर्फ दो अंक दूर थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए सबेस्टियन कोर्डा को 5-7, 7-6, 6-3 से हरा दिया जबकि पांचवें वरीय कास्पर रूड ने कैमरन नोरी को 6-2, 6-4 से हराया। महिला एकल में मेडिसन कीज ने कोको गॉफ को 7-6, 4-6, 6-4 से हराकर क्वार्ट फाइनल में प्रवेश किया। वह अगले दौर में ओन्स जेब्युर से भिड़ेंगी जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को 6-0, 6-4 से शिकस्त दी। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सारा सोरिबेस टोर्मो को एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-0 से हराकर मैड्रिड में पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। अगले दौर में स्वियातेक की भिड़ंत 11वीं वरीय बीट्रिज हदाद माइया से होगी जिन्होंने पांचवीं वरीय मारिया सकारी को 6-4, 6-4 से हराया।

# इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की, आर्चर की वापसी, दो नए चहेरे भी शामिल

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने जून में वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम की घोषणा कर दी है। जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को भी शामिल किया गया है।

आर्चर अपनी दाहिनी कोहनी की चोट से उबरने के बाद एक साल में पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। 2021 के बाद से उन्हें कई चोटों का सामना करना पड़ा है, जिसमें तनाव फ्रैक्चर और बार-बार कोहनी की समस्याओं से लेकर सर्जरी से गुजरना शामिल है। 29 वर्षीय तेज गेंदबाज की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आखिरी उपस्थिति एक साल पहले मार्च 2023 में इंग्लैंड के बांग्लादेश दौरे पर हुई थी।

बाएं हाथ के स्पिनिंग ऑलराउंडर टॉम हार्टले एकमात्र अनकैप्ड खिलाड़ी हैं जिन्होंने बल्लेबाज विल जैक आईसीसी विश्व टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया। सभी टीमों को 25 मई तक अपने दस्तों में बदलाव करने की अनुमति है जिसके बाद किसी भी बदलाव के लिए आईसीसी की इवेंट तकनीकी समिति से अनुमोदन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा यह टीम अगले महीने लीड्स में चार मैचों की टी20 सीरीज में पाकिस्तान से भी भिड़ेगी।

इंग्लैंड क्रिकेट ने कहा कि चयनित खिलाड़ी जो वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेल रहे हैं, पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के लिए समय पर लौट आएंगे, जो 22 मई को हेडिंग्ले में शुरू हो रही है। विश्व कप टीम 4 जून को केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस में स्कॉटलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के शुरुआती ग्रुप मैच से पहले 31 मई को कैरेबियन के लिए उड़ान भरेगी।

टी20 विश्व कप और पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की प्रारंभिक टीम

जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन , आदिल रशीद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, और मार्क वुड.

# पंजाब पर जीत के इरादे से उतरेगी सीएसके




**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। सीएसके की टीम ने अपने पिछले मुकाबले में यहां लखनऊ सुपरजाइंट्स को हराया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज लय में हैं जिससे वह अपनी जीत का सिलसिला बनाये रखना चाहेगी। इस मैच में सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अलावा शिवम दुबे, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र पर रहेगी। रविन्द्र अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं और उनका लक्ष्य इस मैच में जमकर रन बनाना रहेगा। वहीं गेंदबाजी की कमान मुस्ताफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना आदि पर रहेगी। उसे पंजाब के निचले क्रम के बल्लेबाजों आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह पर अंकुश लगाना होगा क्योंकि ये दोनो ही आक्रामक बल्लेबाजी कर टीम को जीत दिला देते हैं।

सुपरजाइंट्स के खिलाफ कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 98 रनों की शानदार पारी खेली थी जबकि गेंदबाजी में तुषार देशपांडे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार विकेट लिए थे। यहां की पिच गेंदबाजों के लिए सहायक रहती है जिसका लाभ भी सीएसके के गेंदबाज उठाना चाहेंगे। यहां ओस नहीं पड़े तो फिर दूसरी पारी में रन बनाना कठिन होता है। ऐसे में टॉस की अहम भूमिका रहेगी और पहले गेंदबाजी करने वाली टीम लाभ में रहेगी हालांकि ओस गिरने पर हालात बदल जाते हैं।

इस मैदान पर सीएसके ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 200 से अधिक रन बनाये थे। इससके बाद उसने अच्छी गेंदबाजी कर सनराइजर्स को हराया था। ऐसे में पंजाब के लिए चेपॉक पर खेलना आसान नहीं रहेगा। पंजाब ने हालांकि इस सत्र में एक बार लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे अधिक रन बनाये हैं जिससे टीम का मनोबल बढ़ा है और वह जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। पंजाब की बात करें तो टीम की बल्लेबाजी जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह के अलावा शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा पर आधारित रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान सैम कुरेन, कागिसो रबादा जैसे खिलाड़ियों के पास रहेगी।

### टीम

**चेन्नई सुपरकिंग्स-** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेल्ली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हांगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्ताफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महीश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

**पंजाब किंग्स-** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

# अकरम की तरह तेजी से ओवर पूरा करते हैं जडेजा : सिद्धू



चेन्नई । पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने नवजोत सिंह सिद्धू अपने बड़बोलेपन के लिए जाने जाते हैं । अब सिद्धू ने ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की तुलना पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर वसीम अकरम से की है । सिद्धू ने ये बात जडेजा के तेजी से ओवर पूरे करने को लेकर कही है । उन्होंने कहा कि जिस तरह से अकरम जल्दी से ओवर पूरा किया करते थे, वैसे ही जडेजा भी तेजी से ओवर पूरा करते हैं । सिद्धू ने कहा जब ओवर पूरा करने की बात आती है तो जडेजा अकरम की तरह तेजी से गेंदबाजी करते हैं । इससे बल्लेबाजों पर दबाव बना रहता है क्योंकि उन्हें आराम का कोई अवसर नहीं मिलता । इसके अलावा सिद्धू ने बल्लेबाज शाहरुख खान को लेकर कहा कि वह प्रतिभाशाली है और पाक के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी की तरह गेंद पर प्रहार करता है लेकिन उसे अपना विकेट बचाकर खेलना होगा और प्रदर्शन में निरंतरता दिखानी होगी ।

# श्रेयस अय्यर के आईपीएल में 3 हजार रन पूरे, इस लिस्ट में पाया 5वां स्थान



कोलकाता (पश्चिम बंगाल) । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 3,000 रन पूरे कर लिए। भारतीय बल्लेबाज ने ईडन गार्डन्स के मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यह रिकॉर्ड अपने नाम किया । अय्यर ने 23 गेंदों में 3 चौकों और 1 छक्के की मदद से 33 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई । अय्यर अब तक 110 मैचों में 32.20 की औसत और 126.28 की स्ट्राइक रेट से 20 अर्धशतक के साथ 3,027 रन बना चुके हैं । उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 96 है । अय्यर ने पहली बार 2015-2021 तक दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया और 2022 में नाइट्स में शामिल हुए । दिल्ली के लिए 87 मैचों में अय्यर ने 31.75 की औसत और 123.96 की स्ट्राइक रेट से 16 अर्धशतकों के साथ 2,375 रन बनाए हैं । कैपिटल्स के लिए उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 96 रन था । केकेआर के लिए अय्यर ने 23 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 34.52 की औसत और 135.55 की स्ट्राइक रेट से 4 अर्धशतकों के साथ 652 रन बनाए हैं । उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 85 रहा है ।

# किसी खास शैली की नकल न करें पाक खिलाड़ी : गिलेस्पी

**लाहौर (एजेंसी) ।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नये टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी ने टीम के खिलाड़ियों से कहा है कि वे अपनी शैली में बदलाव न करते हुए अपना स्वाभाविक खेल ही खेलें। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर रहे गिलेस्पी के अनुसार किसी खास शैली की नकल उन्हें भारी पड़ सकती है। कोच के अनुसार वह चाहते हैं कि उनके प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने तरीके से ही खेलें। साथ ही कहा कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रवैया रखना होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गिलेस्पी को अगले दो साल के लिए टीम को कोच बनाया है।

वहीं सीमित ओवरों के लिए कोच की कमान दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज रहे गैरी कर्स्टन को दी गयी है। कर्स्टन के कोच रहते ही भारत ने साल 2011 में एकदिवसीय विश्व कप जीता था। गिलेस्पी ने कहा, 'मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो। मेरे लिए यही बात सबसे अहम है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने का प्रयास



नहीं करना चाहिये जो आप नहीं हो।'

गिलेस्पी ने कहा, 'आप इसे कैसे करते हैं ये आपके ऊपर है। मैं केवल इतना कहूंगा कि सकारात्मक, आक्रामक, मनोरंजक बनें। चेहरे पर मुस्कान के साथ खेलें और प्रशंसकों का मनोरंजन करें।' गिलेस्पी ने कहा, 'एक ऐसा समय भी आएगा जब आपको कड़ी मेहनत करनी होगी और यही टेस्ट क्रिकेट है। यह आपके कौशल, मानसिक क्षमता और धैर्य की परीक्षा लेता है। इसमें ऐसा समय भी होता है जब आपको आक्रमण करना होता है और कभी कभी विरोधी टीम पर दबाव भी बनाना होता है।

कोच ने कहा कि पाक के पास कुशल खिलाड़ी हैं पर उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखनी होगी। उन्होंने कहा, 'अगर हम जितना संभव हो अपने प्रदर्शन में उतनी निरंतरता ला सकें तो उम्मीद है कि स्कोरबोर्ड पर रन होंगे तो भी हम कुछ जीत हासिल कर सकते हैं। मुझे पता है कि वे बहुत प्रतिभाशाली और कुशल खिलाड़ी हैं। खिलाड़ियों को यह तय करने की जरूरत है कि वे स्वयं को कैसे देखना चाहते हैं और हम ऐसा कैसे कर सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'टीम के पास जीत के लिए जरुरी सभी कुछ है। मैं बल्लेबाजी में प्रतिभाशाली और रोमांचक खिलाड़ियों को देखता हूं। उनमें से कई बहुत अच्छे स्ट्रोक खेलने वाले खिलाड़ी हैं। ये तकनीकी रूप से बहुत कुशल खिलाड़ी भी हैं।' उन्होंने कहा, ' टीम के पास ऐसे भी तेज गेंदबाज हैं जो तेज गति से गेंदबाजी करते हैं और गेंद को स्विंग कराते है। इसके अलावा ऐसे स्पिनर भी हैं जो गेंद को तेजी से स्पिन कराते हैं।'

# पृथ्वी की मुश्किलें बढ़ीं , सपना की याचिका पर सत्र अदालत ने भेजा समन

मुंबई । क्रिकेटर पृथ्वी शॉ की मुश्किलें बढ़ रही हैं । मुंबई की एक सत्र अदालत ने सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर सपना गिल की याचिका पर पृथ्वी को समन जारी किया । सपना ने अपनी इस याचिका में इस क्रिकेटर के खिलाफ एक मजिस्ट्रेट के आदेशों को चुनौती दी है । अंधेरी की एक मेट्रोपॉलिटन अदालत ने इस महीने की शुरुआत में सपना की याचिका पर उस घटना को लेकर पुलिस जांच का आदेश दिया था, जिसमें एक पब में कथित तौर पर उसके साथ छेड़छाड़ करने के लिए पृथ्वीके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी । अदालत ने हालांकि सपना की एक अन्य याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें क्रिकेटर और उसके दोस्त के खिलाफ उनकी शिकायत पर मामला दर्ज करने में विफल रहने के लिए पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी । दोनों आदेशों से असंतुष्ट नजर आयीं सपना ने इसके बाद मलाड की एक सत्र अदालत के समक्ष एक समीक्षा आवेदन दायर किया । वकील अली काशिफ खान के माध्यम से दायर इस समीक्षा आवेदन में दावा किया गया है कि 3 अप्रैल को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश अनियमित और अवैध है । इस मामले की अगली सुनवाई 6 जून को होगी ।



# दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप टीम की घोषणा की, दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को मिली जगह

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में 1-29 जून तक खेले जाने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें एडेन मार्कराम टीम का नेतृत्व करेंगे। टी20आई कप्तान बनाए जाने के बाद यह मार्कराम का पहला विश्व कप होगा। टीम में अनुभवी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर और होनहार ट्रिस्टन स्टब्स शामिल हैं। इसके अलावा, टीम में दो अनकैप्ड टी20आई खिलाड़ी विकेटकीपर बल्लेबाज रयान रिकेलटन और तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन भी शामिल हैं। रिकेलटन एमआई केप टाउन के लिए 58.88 की औसत से 530 रन के साथ स्न20 के दूसरे संस्करण के अग्रणी रन-स्कोरर के रूप में रहे जबकि बार्टमैन ने गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए आठ मैचों में 18 विकेट लिए और वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) दिल्ली कैपिटल्स के साथ हैं। कैगिसो रबाडा और एनरिक नॉर्टजे तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। उन्हें मार्को जेन्सन और गेराल्ड कोएत्ज़ी का समर्थन प्राप्त होगा। अन्य उल्लेखनीय चयनों में तीन फ्रंट-लाइन स्पिनर ब्योर्न फोर्टुइन, केशव महाराज और तबरेज़ शम्सी शामिल हैं। तेज गेंदबाजों में नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी को ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में शामिल किया गया है। मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, 'हाल ही में खेले गए टी20 क्रिकेट की मात्रा और जिस तरह का फॉर्म दिख रहा है, उसे देखते हुए इस समूह का चयन करना बेहद कठिन था। मैं दो अनकैप्ड खिलाड़ियों, रयान और ओटनील को उनके चयन पर बधाई देना चाहता हूं। हमने 2024 में अपने खिलाड़ियों का कुछ अविश्वसनीय प्रदर्शन देखा है और इससे मेरा काम वास्तव में बहुत कठिन हो गया। फिर भी मुझे गर्व और विश्वास है कि हमने सबसे मजबूत संभावित टीम का चयन किया है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वेस्ट इंडीज और यूएसए में सफलता की पूरी संभावना है।'

**टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम-** एडेन मार्कराम, ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्ज़ी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीज़ा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज़ शम्सी, और ट्रिस्टन स्टब्स।

# पीबीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी का कार्यक्रम आईसीसी के पास भेजा

## -भारत सहित सभी टीमों के मैच पाक में ही रखे गये

दुबई । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भारत सहित सभी टीम के मैच पाक में ही रखें है जबकि भारतीय टीम के वहां जाने की कोई संभावना नहीं हैं । पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस टूर्नामेंट का कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को भी भेजा है । पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि पूरे पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी पाक करेंगा और किसी भी टीम के मैच तटस्थ स्थल पर कराने की कोई योजना नहीं है । चैंपियंस ट्रॉफी के इस नौवें सत्र में शीर्ष 8 एकदिवसीय टीमें शामिल होंगी । इस टूर्नामेंट की शुरुआत फरवरी और मार्च 2025 में होगी । नकवी ने कहा कि पीसीबी ही इस पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी करना चाहता है । नकवी ने कहा कि, हम पाक में पूरी चैंपियंस ट्रॉफी चाहते हैं । इसी कारण हमने आईसीसी को कार्यक्रम भेज दिया है । जहां तक सुरक्षा की बात है आईसीसी की टीम ने पाक का दौरा किया था और वह हमारे सुरक्षा इंतजामों से संतुष्ट दिखी है । पीसीबी को उम्मीद है कि भारतीय टीम इसमें शामिल होगी । हालांकि उसकी उम्मीदें पूरी होने की कोई संभावना नहीं है । इसका कारण है कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से शायद ही पाक का दौरा करे । पिछले साल हुए पाक में हुए एशिया कप में भी भारतीय टीम शामिल नहीं हुई थी और उसके सभ मैच श्रीलंका में आयेजित किये गये थे । इस बार भी भारतीय टीम के पाक दौरे की कोई संभावना नहीं है । दूसरी ओर पीसीबी इस मामले में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) पर दबाव बनाना चाहता है ।

# एआईएफएफ अध्यक्ष ने अतीत में गलत प्राथमिकताओं का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मंगलवार को कहा कि अतीत में केवल ओलंपिक और एशियाई खेलों में भाग लेने पर ध्यान केंद्रित करने की देश की गलत प्राथमिकता के कारण शायद मौका गंवाया गया और विश्व स्तर पर टीम लगभग निचले स्तर पर है।

भारत की फीफा रैंकिंग में इस समय गिरावट आ रही है जिसका कारण एशियाई कप में उसका एक भी मैच नहीं जीतना और उसके बाद 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में निचली रैंकिंग वाले अफगानिस्तान से 1-2 से हार है। भारत के पूर्व गोलकीपर चौबे ने 1974 एशियाई युवा चैंपियनशिप में भारत की जीत के 50 साल के जश्न के मौके पर कहा, ''1947 से 1960 तक भारत ने नियमित रूप से चार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया और एशिया की दिग्गज टीम थे। तो भारत कहां पीछे रह गया? 1990 के दशक की शुरुआत में भी, जब मैं खेला करता था तब मुझे याद है कि भारत की रैंकिंग 90 से नीचे थी।''

उन्होंने कहा, ''अगर भारत विश्व कप (1950) में खेलता तो उन्हें शीर्ष रैंकिंग वाले देशों का सामना करना पड़ता और वे पिछड़ते नहीं।'' विश्व कप 1950 में जगह बनाने के बावजूद भारत इसमें क्यों नहीं खेला यह एक विवादास्पद विषय रहा है लेकिन चौबे ने कहा कि उस समय भारत की प्राथमिकता दिल्ली में होने वाले एशियाई खेल (1951) थे जहां उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कहा, ''मुझे पता चला कि हम इसलिए नहीं खेले क्योंकि भारत 1951 में दिल्ली में एशियाई खेलों की मेजबानी कर रहा था। वे जहाज से तीन महीने की यात्रा नहीं करना चाहते थे और विश्व कप को महत्व नहीं दिया।''


चौबे ने कहा, ''हम शायद 1950-74 तक केवल एशियाई खेलों और ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करने के कारण चूक गए होंगे।'' उन्होंने दावा किया कि उन दिनों विश्व कप लोकप्रिय नहीं था और 1986 में डिएगो माराडोना को देखने के बाद ही भारत में फुटबॉल की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की लोकप्रियता बढ़ी। चौबे ने कहा, ''अगर मैं गलत नहीं हूं तो 1986 में टेलीविजन पर माराडोना को देखने के बाद ही विश्व कप लोकप्रिय हुआ। तब तक 1970 के दशक का सुनहरा दौर खत्म हो चुका था और हम मौके से चूक गए।'' उन्होंने कहा, ''यह 400 मीटर की दौड़ में पहला लैप चूकने जैसा है। हम शायद तेजी से दौड़ रहे हैं लेकिन 400 मीटर की दौड़ में बाकी लोग एक लैप (100 मीटर) आगे हैं।''

एआईएफएफ प्रमुख ने स्वीकार किया कि भारत को अन्य देशों से आगे निकलने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। चौबे ने कहा, ''इसलिए हमें इसकी भरपाई के लिए अतिरिक्त प्रयास करना होगा। कोई जादुई फॉर्मूला नहीं है। यह एक बड़ा देश है और इसमें सुधार की काफी गुंजाइश है।'' उन्होंने कहा कि जागरूकता और नई तकनीक को अपनाकर उम्र में हेराफेरी को रोकना महत्वपूर्ण है। चौबे ने कहा, ''सबसे पहले अधिक उम्र की समस्या से निपटना होगा। हमें उम्र में हेराफेरी को रोकना होगा, यह विज्ञान के माध्यम से या जागरूकता बढ़ाकर हो सकता है। हमें दूसरों को शिक्षित करना होगा। एक टीडब्ल्यू3 मेडिकल परीक्षण भी है जिसे अनिवार्य बनाया जा सकता है।




# हसी ने बताया रूतुराज की सफलता का राज

**चेन्नई ।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने टीम के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ की तारीफ करते हुए कहा है कि उसे पता है कि कब क्या करना है । हसी ने कहा कि रूतुराज गेंदबाजों से एक कदम आगे चलता है जिससे उसे पता चल जाता है कि किस गेंद को कैसे खेलना है । हसी ने कहा , '' मैं उससे पूछता रहता हूं कि उसके शानदार प्लेसमेंट का राज क्या है क्योंकि उसे हमेशा फील्डर के बीच में जगह मिल जाती है जिससे गेंद आसानी से सीमा रखा के पार निकल जाती है ।'' कोच ने कहा ,'' वह चालाक बल्लेबाज है । उसे पता है कि किस गेंद पर स्ट्रोक खेलना है और किस पर नहीं । वह स्पिन गेंदों के साथ ही तेज गेंदबाजी का सामना भी आसानी से करता है । इससे वह मैदान के चारों ओर तेजी से रन बनाता है ।'' साथ ही कहा ,'' वह हमेशा गेंदबाजों से एक कदम आगे रहता है । इसी कारण उसकी बल्लेबाजी देखने में आनंद आता है ।



# हीरामंडी के बाद अक्षय कुमार के साथ धमाल मचाएंगे फरदीन



फरदीन खान लंबे समय के बाद संजय लीला भंसाली की हीरामंडी के साथ सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। अब इस प्रोजेक्ट के बाद फरदीन अक्षय कुमार के साथ फिल्म खेल-खेल में धमाल मचाने की तैयारी कर रहे हैं। अब हाल ही में, अभिनेता ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की है। बड़े मियां छोटे मियां फ्लॉप होने के बीच अक्षय कुमार की नई कॉमेडी फिल्म खेल-खेल में की रिलीज डेट का एलान हो गया है। लगातार फ्लॉप देने के बाद भी खिलाड़ी कुमार की झोली में कई फिल्में हैं। अभिनेता अब अपनी आगामी फिल्म खेल-खेल में को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। अक्षय कुमार इस फिल्म से एक बार फिर अपनी कॉमिक जोन में एंट्री करने जा रहे हैं। इस बार स्क्रीन पर उनका साथ अभिनेता फरदीन खान देने वाले हैं। खेल-खेल में अक्षय अपने पुराने कॉमिक जोनर में नजर आने वाले हैं। ऐसे में उम्मीद है कि यह फिल्म दर्शकों को एक बार फिर खिलाड़ी कुमार से कनेक्ट कर पाएगी। वहीं, बीते दिन भूल भुलैया के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने भी अक्षय कुमार के साथ एक हॉरर फैंटेसी फिल्म पर मुहर लगाई है। बता दें कि अक्षय की यह कॉमिक फिल्म 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म मेकर्स टी-सीरीज ने अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, फरदीन खान, वाणी कपूर, पंजाबी एक्टर और सिंग एमी वर्क और प्रज्ञा जायसवाल स्टारर इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म की स्टार कास्ट संग एक तस्वीर शेयर कर फिल्म की रिलीज डेट पर मुहर लगा दी है।



# मैं बहुत अकेली थी, यह डरावना अनुभव था, हॉलीवुड में शुरुआती संघर्ष पर छलका प्रियंका का दर्द

**बॉलीवुड से हॉलीवुड का सफर तय कर चुकीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की दीवानगी दुनियाभर में है। प्रियंका ने अपने दम पर यह पहचान बनाई है। बॉलीवुड में सिक्का जमाने वाली देसी गर्ल ने 2017 में हॉलीवुड का रुख किया। उन्होंने बेवॉच से डेब्यू किया। हॉलीवुड में प्रियंका चोपड़ा को शुरुआत में काफी संघर्ष करना पड़ा। हाल ही में अभिनेत्री ने बताया कि इस खराब दौर से वह कैसे उबरीं?**

पश्चिम में अपने संघर्ष के दौर के बारे में प्रियंका ने कहा, यह एक ऐसी इंडस्ट्री थी जिसके बारे में मुझे जानकारी नहीं थी। वहां के लोगों को मैं नहीं जानती थी। ऐसे दोस्त नहीं थे, जो सुबह दो बजे कॉल करें। वह बहुत महत्वपूर्ण था। मैं बहुत अकेली थी और यह बहुत डरावना अनुभव था। यह सब न्यूयॉर्क सिटी का किस्सा था, जो यूं भी एक चुनौतीपूर्ण शहर है। वह मेरी जिंदगी का एक काला दौर था।

प्रियंका चोपड़ा ने आगे कहा कि अपने देश में काफी दबदबा होने के बावजूद उन्हें वहां फिर से करियर शुरू करने के लिए मजबूर किया गया। यहां तक कि शुरुआत में प्रियंका के साथ लोगों ने मीटिंग तक करने के लिए इनकार कर दिया, यह उनके लिए बड़ा झटका था। हालांकि, प्रियंका हिम्मत से डटी रहीं और इस मुश्किल वक्त में भी खुद को टूटने से बचाया। प्रियंका चोपड़ा ने कहा, मैं बहुत महत्वाकांक्षी महिला हूं। मैं बहुत तेजी से आगे बढ़ती हूं। मैं हमेशा यही चाहती हूं कि सबकुछ सुलझ जाए। मैं किसी समस्या का समाधान निकालने की कोशिश में रहती हूं। हालांकि, ऐसी भी स्थिति का सामना करना पड़ता है, जब कोई समाधान या उपाय नहीं मिलता। आपको उस स्थिति को स्वीकार करना चाहिए। यही वह सबक है, जिसने मुझे सक्षम बनाया है। मुझे लहर से लड़ने के बजाय उस पर सवार होना पसंद है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपने आगामी प्रोजेक्ट हेड्स ऑफ स्टेट की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा बीते महीने उन्होंने ब्लफ का भी एलान किया। बीते दिनों प्रियंका चोपड़ा भारत दौरे पर थीं। इस दौरान उन्होंने होली का त्योहार भी यहां अपने परिवार के साथ मनाया। इसके अलावा अभिनेत्री अयोध्या में बने भव्य श्रीराम मंदिर के दर्शन करने भी पहुंचीं।



# आमिर खान प्रोड्यूस करेंगे इमरान की एक्टिंग कमबैक फिल्म, 'हैप्पी पटेल' होगा टाइटल



आमिर खान के भांजे एक्टर इमरान खान अपने एक्टिंग कमबैक को लेकर चर्चा में हैं। सुनने में आया है कि वो जल्द ही एक कॉमेडी फिल्म से 9 साल बाद एक्टिंग कमबैक करेंगे। इस फिल्म को उनके मामा आमिर खान प्रोड्यूस करेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म का टाइटल 'हैप्पी पटेल' होगा। मेकर्स ने गोवा में इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। एक्टर ने तकरीबन 8 महीने पहले ही अपने कमबैक को लेकर हिंट दे दिया था। माना जा रहा है कि वो तब से ही इस फिल्म की तैयारी कर रहे थे।

### 4 में से 2 हिट फिल्मों के प्रोड्यूसर रहे आमिर

इससे पहले 2008 में रिलीज हुई इमरान की डेब्यू फिल्म 'जाने तू या जाने ना' भी मामा आमिर खान ने ही प्रोड्यूस की थी। इसके बाद दोनों ने 2011 में रिलीज हुई 'देल्ही बेली' में भी साथ काम किया था। ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं।

### 12 में से 4 फिल्में ही रहीं हिट

इमरान ने अब तक अपने करियर में 12 फिल्मों में काम किया जिसमें से सिर्फ 4 फिल्में 'जाने तू या जाने ना', 'आई हेट लव स्टोरीज', 'देल्ही बेली' और 'मेरे ब्रदर की दुल्हन' ही हिट रहीं।
हाल ही में इमरान ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो ओटीटी पर रिलीज होने वाली एक स्पाय सीरीज से एक्टिंग कमबैक करने वाले थे। इसमें वो एक इंटेलिजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आने वाले थे। इसे फिल्ममेकर अब्बास टायरवाला बनाने वाले थे पर यह कुछ कारणों से बन नहीं पाई।



# खुद से कम उम्र की भूमिका निभाने में लारा को नहीं है दिलचस्पी

बॉलीवुड अभिनेत्री लारा दत्ता इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'रणनीति – बालाकोट एंड बियॉन्ड' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार किरदार निभाए हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी उम्र के हिसाब से किरदार करने को लेकर बात की है। दरअसल, एक बातचीत में उनसे पूछा गया कि पुरुष अक्सर अपनी वास्तविक उम्र से बेहद ही कम उम्र के किरदार कैसे निभाते हैं। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। लारा दत्ता ने अपनी बात को रखते हुए कहा, महिलाओं को अपनी उम्र के हिसाब से रोल मिल रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि ऐसा आगे भी होगा। क्योंकि अब तक के सबसे लंबे समय में हमने कभी भी इस देश में एक निश्चित उम्र से अधिक की महिलाओं का किरदार नहीं किया। यह हमेशा कॉलेज जाने वाली या 20 साल के हीरो के पहली बार प्यार में पड़ने वाला था। उन्होंने कहा, स्क्रीन पर महिलाओं का किरदार या तो मां का था, जिसने अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। या फिर बुरी सास या पीड़ित बहू, वास्तविक महिलाओं को नहीं दिखाया गया।

वह अपनी नई वेब सीरीज 'रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड' में एक राजनेता की भूमिका निभा रही हैं। इससे पहले उन्होंने बेलबॉटम में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया था। लारा ने कहा, इसलिए मुझे यह पसंद है कि आज स्क्रीन पर ऐसी महिलाएं हैं जो सभी रूपों में हैं। आप जानते हैं शक्तिशाली महिलाएं और कमजोर महिलाएं, लेकिन जो महिलाएं 40, 50, 60, 70 की हैं, उन्हें अब स्क्रीन पर देखा जा रहा है, इसलिए मुझे उस किरदार को निभाने में कोई दिलचस्पी नहीं है जो अभी मेरी उम्र से कम हैं। उनके वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में वे 'रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड' में दिखाई दी हैं। ये सीरीज 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। लारा दत्ता के साथ इसमें जिमी शेरगिल, आशुतोष राणा और आशीष विद्यार्थी समेत कई अन्य कलाकार हैं। इसके अलावा उनके पास वेलकम टू द जंगल और रामायण जैसी फिल्में हैं।

# करियर को देंगे नई दिशा भुवन बाम

भुवन बम की वेब सीरीज ताजा खबर को फैंस और दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। इस सीरीज को हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया गया था। अब अभिनेता इसकी दूसरी श्रृंखला लेकर जल्द आएंगे। लेकिन उससे पहले अभिनेता भुवन बाम अपने करियर को नई दिशा देने के लिए दिल्ली से मुंबई शिफ्ट हो रहे हैं। मनोरंजन की दुनिया में मिल रही लगातार उपलब्धियों की वजह से भुवन ने अब मुंबई में बसने का फैसला कर लिया है। यानी की अब भुवन दिल्ली से ज्यादा मुंबई में समय बिताने वाले हैं। उनको लगता है कि मनोरंजन की दुनियां उन्हें मुंबई खीच लाई है।

### भुवन क्यों शिफ्ट होना चाहते हैं मुंबई

भुवन ने कहा, मेरी जिंदगी में करियर के इस अध्याय को लेकर मैं बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। यह शहर (मुंबई) मनोरंजन की दुनिया में अपने अंदर अपार क्षमता और कभी खत्म ना होने वाली संभावनाओं से भरा हुआ है। मैंने इस शहर की जीवंत ऊर्जा को महसूस किया है, और अब जैसा की मेरे काम की जरूर है मैं ज्यादा समय के लिए यही हूं। मुझे ऐसा करते हुए काफी स्वाभाविक महसूस हो रहा है।

### अपने करियर को देना चाहते हैं नई दिशा

भुवन बाम लगातार निर्माताओं से मिल रहे हैं और कई तरह की स्क्रिप्ट को गहराई से समझ रहे हैं। वह अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत में दिन रात एक करने में लगे हुए हैं, जिससे उनकी बॉलीवुड में बेहतर नींव तैयार हो रही है। उन्होंने मुंबई शिफ्ट होने का फैसला इसलिए भी लिया है ताकि वह भारतीय सिनेमा में अपनी मेहनत और लगन से खास जगह बना सकें। अपनी करिश्माई उपस्थिति और जबरदस्त परफॉर्मेंस से छा चुके भुवन बाम का मुंबई में शिफ्ट होना उनके फ्यूचर के लिए लाभदायक साबित हो सकता है।

### आने वाली वेब सीरीज

निर्देशित हिमांक गौड़ की वेब सीरीज ताजा खबर 2 में महेश मांजरेकर, देवेन भोजानी, शिल्पा शुक्ला, प्रथमेश परब और नित्या माथुर अहम किरदार में नजर आएंगे। रोहित राज और भुवन बाम द्वारा निर्मित ताजा खबर 2 जल्द ही डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।





# क्या गोविंदा की होने जा रही है पर्दे पर वापसी?

गोविंदा के फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए तरस गए हैं। उन्होंने अपनी कई फिल्मों में दर्शकों को जमकर हंसाया है। उन्हें फिल्मों से दूर हुए पांच साल से भी ज्यादा का समय हो गया है। लोग उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। वह आखिरी बार साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला राजा में दिखाई दिए थे। अब इसी बीच फिल्म निर्देशक और लेखक अनीस बज्मी ने गोविंदा की वापसी को लेकर बातचीत की है।

### कई फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं अनीस और गोविंदा

अनीस बज्मी अभिनेता गोविंदा की कई फिल्मों की कहानियां लिख चुके हैं। इनमें राजा बाबू, आंखें, दीवाना मस्ताना और शोला और शबनम शामिल है। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में अनीस बज्मी ने गोविंदा की कॉमिक टाइमिंग की खूब तारीफ की है। अनीस ने गोविंदा के बारे में अपनी राय रखते हुए उन्हें एक महान अभिनेता भी बताया। गोविंदा की फिल्मों में वापसी के सवाल पर अनीस बज्मी ने कहा कि केवल मैं ही वह शख्स नहीं हूं, जो गोविंदा के साथ काम करना चाहता है। कई लोग हैं, जो उनके साथ काम करने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन उन्हें साथ काम करने का मौका मिलेगा और उन्हें लगेगा कि उस फिल्म में गोविंदा को खास भूमिका निभानी चाहिए तो वह उनसे संपर्क करेंगे। अनीस ने आगे कहा कि वह दोनों काफी लंबे वक्त से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्हें मालूम है कि गोविंदा के लिए क्या कुछ अच्छी कहानी लिखी गई है और अगर वह उसमें काम करेंगे तो यह बहुत अच्छा होगा।



# न्यूयॉर्क में टाइम 100 की शोभा बढ़ाएंगे आयुष्मान खुराना

बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। आयुष्मान खुराना न्यूयॉर्क में प्रतिष्ठित टाइम्स 100 गाला कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिसमें दुनिया के सबसे प्रभावशाली लोगों का सम्मान किया जाएगा। अभिनेता को टाइम मैगजीन द्वारा दो बार सम्मानित किया जा चुका है। आयुष्मान आज टाइम 100 गाला के इस कार्यक्रम में दुनिया के सबसे बड़ी पॉप सिंगर दुआ लीपा के साथ दिखाई देंगे। आयुष्मान खुराना को टाइम मैगजीन द्वारा दो बार सम्मानित किया गया है। उन्हें वर्ष 2023 में टाइम 100 इम्पैक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वह इस पुरस्कार के लिए चुने जाने वाले एकमात्र भारतीय थे। इसके साथ ही अभिनेता को 2020 में टाइम 100 के लिए दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में चुना गया था। आज इसी मैगजीन के इवेंट की अभिनेता शोभा बढ़ाएंगे। अभिनेता को अपने विघटनकारी सिनेमा ब्रांड के माध्यम से भारत में कंटेंट को बढ़ाने में उनके योगदान के साथ-साथ यूनिसेफ एम्बेसडर के रूप में बाल अधिकार संरक्षण के लिए उनके कार्य के लिए ये सम्मान प्राप्त हुए हैं। आयुष्मान खुराना पिछले साल टाइम 100 इम्पैक्ट अवार्ड के लिए चुने जाने वाले एकमात्र भारतीय थे।



## हैती में व्यवस्था बहाल करने अंतरराष्ट्रीय सेना में शामिल होगा बांग्लादेश



जेनेवा। हैती की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस सहित देश के कई हिस्सों में सशस्त्र गिरोह अराजकता फैलाए हुए हैं। इस दौरान हजारों लोग मारे गए हैं। हैती में व्यवस्था बहाल करने में मदद के लिए बांग्लादेश भी अंतरराष्ट्रीय सेना में शामिल होने के लिए सहमत हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी देते बताया कि बांग्लादेश उन छह देशों में से एक है, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को लिखा है कि वे हैती में बहुराष्ट्रीय सुरक्षा सहायता मिशन (एमएसएसएम) में अपना योगदान देना चाहते हैं। सुरक्षा परिषद ने हैती में स्थिति को सुधारने में मदद करने के लिए एमएसएसएम मिशन का गठन किया है। यह मिशन संयुक्त राष्ट्र से स्वतंत्र रूप में कार्य करेगा। केन्या के नेतृत्व वाली सेना में बहामास, बारबाडोस, बेनिन, चाड और जमैका शामिल हैं। गौरतलब है कि हैती में सशस्त्र गिरोह अराजकता फैला रहे हैं। इससे हजारों लोगों की जान जा चुकी है। 1.4 मिलियन लोगों को अकाल का सामना करना पड़ रहा है और चार मिलियन लोगों को गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। इस साल फरवरी में हैती के पीएम एरियल हेनरी देश छोड़कर अमेरिका भाग गए थे। उन्होंने पिछले सप्ताह अमेरिका में निर्वासन के दौरान इस्तीफा दे दिया। 2021 में राष्ट्रपति जोवेनेल मोइज़ की हत्या कर दी गई थी।

## कोलंबियाई सेना का हेलीकॉप्टर क्रैस, 9 सैनिकों की मौत

बोगोटा । उत्तरी कोलंबिया में सैनिकों को आपूर्ति करके लौटते समय सेना का एक हेलीकॉप्टर क्रैस हो गया जिससे उसमें सवार 9 सैनिकों की मौत हो गई। कोलंबिया की राष्ट्रीय सेना ने यह जानकारी दी। सेना के बयानों में कहा गया कि दोपहर के समय हेलीकॉप्टर का बेस से संपर्क टूट गया और बाद में पता चला कि वह बोलिवर विभाग के सांता रोजा नगर पालिका के पास क्रैस हो गया। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सोशल मीडिया पर इस त्रासदी पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि ये सैनिक खाड़ी कबीले के खिलाफ अभियान चला रहे थे। खाड़ी कबीले को कोलंबिया में मादक पदार्थों की तस्करी और एक आपराधिक गिरोह के रूप में जाना जाता है।

## लंदन में तलवार से हमला करने वाला शख्स गिरफ्तार, 2 पुलिस अधिकारी हुए जख्मी



लंदन। लंदन के पूर्व में स्थित हैनॉल्ट में एक शख्स ने तलवार से कई लोगों पर हमला करते हुए हंगामा किया। पुलिस ने उक्त व्यक्ति को तलवार सहित गिरफ्तार कर लिया है। इस हमले में पुलिस के दो अधिकारी भी घायल हो गए। पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि तलवार लिए शख्स के हमले में कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 7-00 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक वाहन, एक घर में जा घुसा है और इसी के साथ यह भी सूचना मिली कि लोगों को चाकू से मारा गया है। पुलिस ने बताया कि समझा जा रहा है कि संदिग्ध व्यक्ति ने आम लोगों और दो पुलिस अधिकारियों पर हमला किया था। ग्रेटर लंदन के 620 वर्ग मील क्षेत्र की निगरानी करने वाली मेट्रोपोलिटन पुलिस (मेट) का कहना है कि 36 वर्षीय एक संदिग्ध व्यक्ति को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया गया है। अनेक लोगों पर हमला करने वाले शख्स को तलवार के साथ ही गिरफ्तार किया गया है। घटना और आरोपी के संबंध में उप सहायक आयुक्त एडे एडेलेकन का कहना था कि उक्त घटना का संबंध आतंकी घटना से नहीं हो सकता है। ऐसे में और अधिक संदिग्धों की तलाशी नहीं की जा रही है।

## दुबई में बनेगा सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, 260 मिलियन यात्रियों की होगी क्षमता, - 400 टर्मिनल गेट और 5 रनवे होंगे, लोगों को मिलेगी कई सुविधाएं

दुबई। दुबई के राजा शेख मोहम्मद बिन राशिद अल-मकतूम ने अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में 128 बिलियन एईडी के एक नए यात्री टर्मिनल को मंजूरी दे दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ सालों में अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 260 मिलियन यात्रियों की क्षमता के साथ दुनिया में सबसे बड़ा यात्री टर्मिनल होगा और दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पांच गुना बड़ा होगा। उन्होंने कहा कि दुबई हवाई अड्डे से हो रहे सभी परिचालन अल मकतूम में स्थानांतरित कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, अल मकतूम हवाई अड्डे में 400 टर्मिनल गेट और पांच रनवे बनाए जाएंगे। दुबई की सरकारी एयरलाइन एमिरेट्स के अध्यक्ष शेख अहमद बिन सईद अल-मकतूम ने कहा कि यह हवाई अड्डा प्रमुख वाहक एमिरेट्स और उसकी बहन कम लागत वाली एयरलाइन फ्लाईदुबई के साथ-साथ दुनिया को दुबई से जोड़ने वाले सभी एयरलाइन भागीदारों का नया घर होगा। दुबई मीडिया ने दुबई एयरपोर्ट्स के सीईओ के हवाले से कहा, यह कदम विश्व मंच पर अग्रणी विमानन केंद्र के रूप में दुबई की स्थिति को और मजबूत करता है।

## कई सालों से आग में झुलस रहा अमेरिका का सेंट्रलिया शहर, जमीन के अंदर लगातार जल रही है खदानें

न्यूयार्क । अमेरिका के पेनसिल्वेनिया का यह खौफनाक शहर सेंट्रलिया दशकों से जमीन के नीचे की आग की चपेट में है। आज इसकी आबादी केवल 5 लोगों की रह गई है। 1962 में सेंट्रिलिया की खदान में आग लग गई थी जिसने आज तक थमने का नाम नहीं लिया है और अब पूरा का पूरा बसाया बसाया शहर जमीन के अंदर लगी आग के धुएं से तबाह हो चुका है।

1920 के दशक में सेंट्रलिया दुकानों से भरा एक हलचल भरा शहर हुआ करता था, जिसके निवासी बढ़ते खनन उद्योग से लाभान्वित होते थे। जैसे-जैसे इसकी अर्थव्यवस्था बढ़ती गई, इसके 1,200 निवासी स्थानीय खदानों से प्राप्त कोयले पर खुशी से जीवन व्यतीत करने लगे। पर आज यह शहर पूरी तरह से वीरान है, इसकी अधिकांश इमारतें नष्ट हो चुकी हैं। यह सब एक खदान में लगी आग से शुरू हुआ जो 1962 में शुरू हुई और 50 साल से अधिक समय बाद भी जल रही है, जिसके धुएं से शहर पूरी तरह से तबाह हो गया। पिछली अमेरिकी जनगणना के अनुसार शहर की आबादी अब घटकर केवल 5 लोगों की रह गई है, जो अब धुएं वाले इलाके के करीब रहते हैं। मई 1962 में, सेंट्रलिया की नगर परिषद ने कथित तौर पर प्रस्तावित किया कि स्थानीय लैंडफिल को बाद में गर्मियों में मेमोरियल डे उत्सव के लिए समय पर साफ किया जाना चाहिए।




गाजा के खराब हालातों पर एक बैठक में बात करते हुए सउदी और अमेरिकी अधिकारी।

## चीन का रक्षा बजट भारत से नौ गुना ज्यादा, निशाने पर अमेरिका

बीजिंग। युद्धाभ्यास कर अपने पड़ोसी देशों को डराने में जुटा चीन अपनी सेना पर जरुरत से ज्यादा पैसा खर्च कर रहा है। इससे उसका रक्षा बजट पहाड़ जैसा हो गया है। चीन का रक्षा बजट अमेरिका के बराबर हो गया है। अमेरिकी की एक रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि चीन का 2022 में रक्षा बजट 710 अरब डॉलर था। इससे पहले चीन ने दावा किया है कि उसका रक्षा बजट 229 अरब डॉलर है। वहीं अमेरिका की बात करें तो उसने 2022 में सेना पर 742 अरब डॉलर खर्च किए थे। अगर भारत की बात करें तो यह करीब 81 अरब डॉलर था जो चीन से लगभग 9 गुना कम है। रिपोर्ट में कहा कि चीन सैन्य बजट का गलत आंकड़ा सार्वजनिक करता है और यह नहीं बताता है कि वह सैन्य तैयारी पर कितना खर्च किया । चीन एयरक्राफ्ट कैरियर से लेकर अत्याधुनिक बॉम्बर बना रहा है। चीन के निशाने पर अमेरिका है जो सबसे ज्यादा सेना पर खर्च करता है। यह आंकड़ा साल 2022 के चीन के सैन्य बजट को लेकर निकाला गया है जो 711 अरब डॉलर था। यह उस साल अमेरिका के बजट से लगभग बराबर है। अमेरिका एक वैश्विक सुपर पावर है और उसे चीन के गढ़ हिंद प्रशांत क्षेत्र से लेकर म८?य पूर्व तक बिखरी अपनी सेना पर खर्च करना पड़ता है। यही नहीं यूरोप में रूस के खिलाफ नाटो देशों की मदद के लिए अमेरिका सेना तैनात किए हुए है। इससे अमेरिकी रक्षा बजट बंट जाता है। वहीं चीन का पूरा फोकस एशिया पर है और वह अपनी सेना पर खर्च कर रहा है ताकि युद्धक तैयारी को बढ़ाया जा सके। अमेरिकी खुफिया समुदाय का अनुमान है कि चीन का सालाना रक्षा बजट 700 अरब डॉलर है। उसने चीन से रक्षा बजट में पारदर्शिता बरतने की मांग की है। पेंटागन ने माना है कि चीन तेजी से चुनौती बनता जा रहा है। चीन का यह रक्षा बजट चिंता का विषय है।

## जिसने बनाई पहली कोरोना वैक्सीन, उस साइंटिस्ट को भ्रष्टाचारी बता चीनी संसद से निष्कासित किया गया

**बीजिंग (एजेंसी)।** साल 2020 में कोरोना महामारी के दौरान पहला कोविड-19 वैक्सीन बनाने वाले चीन के टॉप साइंटिस्ट को कथित भ्रष्टाचार के लिए संसद से बर्खास्त कर दिया गया है। नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि यांग जियाओमिंग को कथित अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघन के लिए विधायिका के एक प्रतिनिधि के रूप में उनके पद से बर्खास्त कर दिया गया था। 62 वर्षीय यांग एक अनुभवी शोधकर्ता और सिनोफार्म के वैक्सीन डिवीजन, चाइना नेशनल बायोटेक ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष हैं। उन्होंने सिनोफार्म के बीबीआईबीपी-कोरवी वैक्सीन के विकास का निरीक्षण किया।

ये चीन में व्यापक उपयोग के लिए अधिकृत पहला कोरोनो वायरस वैक्सीन था। एनपीसी ने अपनी



स्थायी समिति की चार दिवसीय बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा कि यांग पहले से ही पार्टी के अनुशासनात्मक प्राधिकरण, केंद्रीय अनुशासन निरीक्षण आयोग द्वारा जांच के अधीन है। यांग की बर्खास्तगी चीन की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर सबसे बड़ी कार्रवाई के बीच हुई है, जो पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा शुरू किए गए व्यापक भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का विस्तार है।

चीन द्वारा निर्यात किए गए दो सबसे लोकप्रिय कोविड-19 टीकाकरण सिनोफार्म शॉट और सिनोवैक बायोटेक के कोरोनावैक थे। यांग को चीन की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर सबसे बड़ी कार्रवाई के बीच निकाल दिया गया था, जो एक बड़े भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा है जिसे राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 2012 के अंत में शुरू किया था। कार्रवाई का लक्ष्य रिश्वतखोरी से ग्रस्त प्रणाली में व्यापक भ्रष्टाचार को खत्म करना है। पिछले साल से कई अस्पताल निदेशकों को जेल में डाल दिया गया है, और यह दवा निगमों, बीमा फंडों और अस्पतालों को निशाना बनाता है। सिनोफार्म के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी और कंपनी के उप महाप्रबंधक झोउ बिन की जनवरी में सीसीडीआई द्वारा जांच की गई थी।

## फिर फटा माउंट रुआंग ज्वालामुखी, आसमान में फैला गुबार और गांवों में बिखरा मलबा

**मानादो (इंडोनेशिया) (एजेंसी)।** इंडोनेशिया का माउंट रुआंग ज्वालामुखी दो सप्ताह के भीतर दूसरी बार मंगलवार को फिर से फट गया, जिससे करीब दो किलोमीटर दूर तक आसमान में गुबार फैल गया और एक हवाई अड्डे को बंद करना पड़ा। ज्वालामुखी फटने की वजह से उसका मलबा आस-पास के गांवों में फैल गया। इंडोनेशियाई भूवैज्ञानिक सेवा ने ज्वालामुखी फटने का संकेत मिलने के बाद सुलावेसी द्वीप पर चेतावनी जारी की थी और आस-पास के गांवों में रहने वाले लोगों और पर्वतारोहियों से ज्वालामुखी से कम से कम छह किलोमीटर दूर रहने का आग्रह किया था।

उत्तरी सुलावेसी प्रांत में 725 मीटर (2,378 फुट) ऊंचा ज्वालामुखी प्रांत की राजधानी मानादो में सैम रतुलंगी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगभग 95 किलोमीटर उत्तर पूर्व में स्थित है। क्षेत्रीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के प्रमुख अम्बाप सुरयोको ने बताया कम दृश्यता और राख की वजह से विमानों के इंजन को कोई खतरा न हो, इसलिए हवाई अड्डे को मंगलवार को सुबह बंद कर दिया गया था। मानादो सहित क्षेत्र भर के कस्बों और शहरों में आसमान से राख, कंकड़ और पत्थर गिरते हुए दिखाई दिये। इतना ही नहीं, वाहन चालकों को दिन के वक्त भी अपनी गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। मानादो में 430,000 से ज्यादा लोग रहते हैं।



## पन्नू की हत्या की साजिश वाली रिपोर्ट पर भारत सख्त



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारत ने मंगलवार को अमेरिका में सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून की कथित हत्या की साजिश पर एक रिपोर्ट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने रिपोर्ट को अनुचित और अप्रमाणित बताते हुए कहा, अमेरिकी सरकार द्वारा साझा की गई सुरक्षा चिंताओं को देखने के लिए भारत सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की जांच चल रही है। संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के नेटवर्क पर अटकलें और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियां मददगार नहीं हैं।

वहीं कैरीन ज्यां-पियरे ने आगे कहा कि भारत, अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और ''हम कई क्षेत्रों में अपने सहयोग को बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं।' पन्नू की हत्या की कथित साजिश पर खोजी रिपोर्ट के बारे में ज्यां-पियरे ने कहा, ''हमने इस पर लगातार चर्चा की है और कई बार अपनी बात रखी है, चाहे यहां प्रधानमंत्री के साथ बैठक में हो या विदेश में किसी बैठक में हो।'' उन्होंने कहा, ''यह गंभीर मामला है और हम इसे बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। भारत सरकार ने हमसे बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि वे इसे गंभीरता से ले रहे हैं और इसकी जांच कराएंगे।'' उन्होंने कहा, ''हम जांच के आधार पर सरकार से जवाबदेही की उम्मीद करते हैं। लेकिन हम अपनी चिंताओं को उठाते रहेंगे। यह रुकने वाला नहीं है। हम सीधा भारत सरकार के समक्ष अपनी चिंताओं को उठाते रहेंगे।'' बता दें कि अमेरिका में पन्नू को मारने की कथित साजिश पिछले साल जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून को हुई घातक गोलीबारी के साथ मेल खाती है। पश्चिमी देशों के अधिकारियों के अनुसार वह अभियान भी यादव से जुड़ा था। खबर में यह भी कहा गया है कि हत्या की दोनों साजिश पाकिस्तान में हिंसा बढ़ने के बीच रची गयी जहां निर्वासन में रह रहे और भारत सरकार द्वारा आतंकवादी करार दिए गए कम से कम 11 सिख या कश्मीरी अलगाववादियों की पिछले दो साल में हत्या कर दी गयी है। पन्नू मामले में अमेरिका द्वारा लगाए आरोपों की जांच के बारे में पूछे जाने पर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पिछले सप्ताह कहा था ''हमने एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। समिति अमेरिका द्वारा हमसे साझा की गयी सूचना पर गौर कर रही है क्योंकि इसका हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी समान रूप से प्रभाव पड़ता है।

## ईरान ने बनाया नया आत्मघाती ड्रोन, अमेरिका-इजराइल को दे रहा टक्कर

**- कड़े प्रतिबंधों के बावजूद यूएवी की उत्पादन क्षमता का कर रहा विस्तार**

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान और इजराइल तनाव के बीच ईरान ने एक नया आत्मघाती ड्रोन बनाया है। ईरान ने हाल के सालों में कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद मानव रहित हवाई वाहनों की अपनी उत्पादन लाइन का आक्रामक रूप से विस्तार किया है। जानकारी के अनुसार ईरान ने स्वदेशी ड्रोनों के अपने तेजी से बढ़ते शस्त्रागार को मजबूत करते हुए ये नया हथियार बनाया है। ईरानी सेना ने रूसी लैंसेट ड्रोन पर आधारित एक आत्मघाती ड्रोन बनाया है, जिसे एंटी एंबुस अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है। ईरान ने कुछ सालों में कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) की अपनी उत्पादन क्षमता का विस्तार किया है। अपने इन आत्मघाती ड्रोन की वजह से ही ईरान इजरायल जैसी बड़ी ताकत के साथ दो-दो हाथ कर रहा है तो वहीं रूस को भी ईरान की मदद कर रहा है। ईरान ने सीरिया में अपने वाणिज्य दूतावास पर बमबारी के बाद इजरायल पर 350 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। हमले में ईरान में बनी हुई शहीद-136 और शहीद-131 कामिकेज ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2022 के बाद से ईरान के अपेक्षाकृत सस्ते लेकिन घातक शहीद ड्रोन युद्ध के मैदान में तबाही मचा रहे हैं। ईरान अपनी लंबी दूरी की ड्रोन तकनीक से हमास, हिज्बुल्ला और हूती विद्रोहियों की भी मदद कर रहा है। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने 2019 में ईरान की सैन्य ताकत का आकलन करते हुए कहा था कि यूएवी ईरान की सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली हवाई क्षमता है।

## इजरायली सेना ने क्रूरता की हदें पार कीं, यह मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन: अमेरिका

**- नेतन्याहू समेत कई अधिकारियों के खिलाफ जारी हो सकता है गिरफ्तारी वारंट**

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** गाजा में इजराइल-हमास युद्ध में इजराइली सेना ने गाजा में निर्दोष लोगों का कत्लेआम किया जिससे पूरी दुनिया में इजराइल का विरोध किया जा रहा है और पूरी दुनिया उसके खिलाफ है। वहीं अब अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत कई उच्च इजरायली अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने की तैयारी में है। वहीं इजराइल के खास दोस्त अमेरिका ने कहा है कि इजरायल की सेना क्रूरता की हदें पार की हैं। यह मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने पत्रकारों को जानकारी दी कि पिछले साल अक्टूबर में इजरायल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने से पहले हुई घटनाओं में इजराइल ने मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन किया है। जिसके लिए इजरायली सेना की पांच



बटालियन जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि चार इकाइयों ने तो उल्लंघनों को प्रभावी ढंग से सुधार कर लिया है, लेकिन अब इजरायल की पांचवीं इकाई के बारेर में नई जानकारी सामने आई है और अमेरिका सरकार के साथ बातचीत जारी रख रहा है।

पटेल ने यह भी साफ किया कि इजरायली बलों को लेकर आई शिकायतों के बावजूद अमेरिकी हथियारों की बिक्री प्रभावित नहीं होगी और हम इजरायल को हथियारों की सप्लाई जारी रखेंगे। बता दें कि पिछले महीने अमेरिका ने इजरायल की एक बटालियन नेत्ज़ाह येहुदा को बैन करने की बात कही थी। इस बटालियन पर राफा शहर में निर्दोष फिलिस्तीनियों के खिलाफ घोर अत्याचार की शिकायतें मिली थी। पटेल ने आगे कहा कि हमने पांच इजरायली बटालियानों को मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन के लिए जिम्मेदार पाया है।


गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच पिछले साल 7 अक्टूबर से शुरू हुए युद्ध में हजारों फिलिस्तीनी लोग मारे जा चुके हैं। पहले हमास ने इजरायल पर हमल करके 1200 लोगों को मार डाला था और 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया था। अभी भी हमास की कैद में 100 से ज्यादा इजरायली कैद में हैं। उधर, जवाबी कार्रवाई और अपने लोगों को वापस लाने के लिए इजरायली सेना गाजा और राफा में ऑपरेशन चला रही है। इसमें 34 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। जिनमें ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। इसको लेकर पूरी दुनिया में इजराइल विरोधी प्रदर्शन हो रहे हैं।

## फिर छलका पाक का दर्द: बोला- भारत महाशक्ति बन रहा है और हम भीख मांग रहे हैं

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** गरीबी, भुखमरी और आतंकवाद के लिए खुद की पहचान बना चुके पाकिस्तान का दर्द एक बार फिर छलका है। दरअसल पाकिस्तानी संसद में विपक्ष के एक सांसद ने भारत की तारीफ करते हुए अपने ही देश की बुरी गत का जिक्र कर दिया। नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता और जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने बयान दिया कि एक तरफ भारत है जो लगातार महाशक्ति बनने की तरफ बढ़ रहा है, दूसरी तरफ हम हैं जो दिवालिया होने से बचने के लिए दूसरे देशों से भीख मांग रहे हैं। रहमान ने शहबाज शरीफ पर निशाना भी साधा। आरोप लगाया कि पाकिस्तान में सरकारें महलों में बनती हैं। पर्दे के पीछे के कुछ लोग फैसले ले रहे हैं और हम सिर्फ कठपुतली बने हुए हैं।

सांसद अब खुलेआम पीएम शहबाज शरीफ को खरी-खोटी सुनाने में लगे हैं। नेशनल असेंबली पर अपने भाषण में मौलाना फजलुर रहमान का शहबाज पर जमकर गुस्सा फूटा। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत महाशक्ति बनने का सपना देख रहा है और हम दिवालिया होने से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं। इसका जिम्मेदार कौन है? रिपोर्ट के अनुसार, मौलाना फजलुर रहमान ने देश की दुर्दशा के लिए पर्दे के पीछे से फैसले लेने वाली अदृश्य ताकतों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने देश की निर्वाचित सरकार को महज उनकी कठपुतली बताया। साथ ही दावा किया कि हमारी दीवारों के पीछे कुछ ऐसी शक्तियां हैं जो हमें नियंत्रित कर रही हैं और वे ही सारे निर्णय ले रहे हैं जबकि हम सिर्फ कठपुतलियां हैं। रहमान ने संसद की वैधता पर सवाल उठाते हुए संविधान के सिद्धांतों को त्यागने और लोकतंत्र को बेचने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, सरकारें महलों में बनती हैं और नौकरशाह तय करते हैं कि प्रधानमंत्री कौन होगा? मौलाना फजल ने सवाल किया, कब तक हम समझौता करते रहेंगे? कब तक हम विधायक चुने जाने के लिए बाहरी ताकतों से मदद मांगते रहेंगे।

दरअसल, 2024 के संसदीय चुनाव के बाद पाकिस्तान में नई सरकार का गठन तो हो गया लेकिन, हालात अभी भी नहीं सुधरे हैं। जोड़-तोड़ कर सरकार बनाने वाले शहबाज शरीफ एक बार फिर पीएम की कुर्सी पर विराजमान हो चुके हैं। तमाम वादों के बावजूद पाकिस्तान की आर्थिक दुर्दशा में रत्ती भर भी फर्क नहीं आया। शहबाज शरीफ लगातार दूसरे देशों में जाकर आर्थिक मदद ला रहे हैं, जिसके दम पर सरकार चल रही है। हालत ये हो गई है कि अब सांसदों ने भी शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रहमान ने 2018 और 2024 दोनों समय लोकसभा चुनावों में हुई धांधली की निंदा की और कथित



तौर पर नकली प्रतिनिधियों के सत्ता में आने की निंदा की। रहमान ने दावा किया कि देशवासी असुरक्षा से ग्रस्त हैं और इसके प्रति हमारी सरकार को होश में आने की जरूरत है।

# दमण फायर विभाग के एसएफओ कानजी नाराणे हुए सेवानिवृत्त







असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 30 अप्रैल। दमण फायर विभाग के एसएफओ कानजी नाराणे आज सेवानिवृत्त हुए। कानजी नाराणे गोवा राज्य के समय 1986 में गोवा में फायर विभाग में फायरमैन के तौर पर भर्ती हुए थे। उन्होंने 38 वर्ष तक फायर विभाग ने सेवा दी। इस दौरान गोवा राज्य, दमण, दीव और दादरा नगर हवेली में अपनी सेवाएं दी। दमण फायर विभाग में एसएफओ के पद कार्यरत कानजी नाराणे आज सेवानिवृत्त हुए। दमण फायर एवं इमरजेंसी सर्विस के सहायक निदेशक ए. के. वाला एवं फायर विभाग के स्टाफ ने कानजी नाराणे को सेवानिवृत्त विदाई दी। कानजी नाराणे को 2016 में सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसी वर्ष उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

# दीव पुलिस के पीआई प्रेमचंद सोलंकी और हेड कांस्टेबल कानजी भगवान हुए सेवानिवृत्त







असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 30 अप्रैल। दीव पुलिस के पीआई प्रेमचंद सोलंकी और हेड कांस्टेबल कानजी भगवान आज सेवानिवृत्त हुए। दोनों पुलिस कर्मियों को फुदम हेडक्वॉर्टर में शुभेच्छा विदाई दी गई। इस अवसर पर दीव एसपी फुलझेले पियूष निराकर, एसडीपीओ संदीप रुपेला, पीआई गावित एवं अन्य पुलिस कर्मियों ने दोनों सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को सम्मान के साथ विदाई दी। इस अवसर पर पीएसआई दिपीका भगत, पीएसआई निलेश काटेकर एवं अन्य पुलिस कर्मियों की उपस्थिति रही।

# लोकसभा चुनाव को लेकर नगरपालिका में होटल एसो. के साथ बैठक का आयोजन



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 30 अप्रैल। भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा के साथ ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसके तहत प्रदेश में चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों से शुरू हो गई है। इसी क्रम में आज 30 अप्रैल 2024 को नगरपालिका में मुख्य अधिकारी की अध्यक्षता में होटल एसोसिएशन के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अधिकारी डॉ. संजम सिंह ने सभी सदस्यों से अधिक से अधिक मतदान कराने हेतु लोगों को जागरूक करने के बारे में बताया। उन्होंने सभी को 7 मई को पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को रेस्टोरेंट में छूट देने हेतु आग्रह किया। मुख्य अधिकारी ने सभी को होटलों के बाहर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु होर्डिंग्स और स्वीप शुभंकर को प्रदर्शित करने तथा दमण स्वीप टीम द्वारा बनाया गया। स्वीप एंथम सभी होटलों में बजाए जाने हेतु भी कहा जिससे अधिकांश मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा सके। उन्होंने कहा कि अभी होटलों में अधिकांश पर्यटक और युवाओं की आवाजाही होती है जिसके चलते आप सभी को मुद्रित बिलों पर 7 मई को मतदान करने के अनुरोध की मोहर लगाना चाहिए। जिससे सभी को मतदान के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। गौरतलब है कि आगामी 7 मई को मतदान हेतु पूरीजोश से तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नुक्कड़ नाटक सहित अन्य माध्यमों जागरूकता स्वीप टीम द्वारा विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र सहित विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किये जा रहे है।

# निर्वाचन विभाग दानह की स्वीप टीम ने एसएसआर फार्मेसी कॉलेज में किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 30 अप्रैल। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दादरा नगर हवेली जिले के निर्वाचन विभाग की स्वीप टीम द्वारा सुव्यवस्थित मतदान शिक्षण तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं की अधिकाधिक सहभागिता के उददेश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियांक किशोर और रिस्पोंसिबल ऑफिसर एवं चीफ ऑफिसर (सिलवासा नगरपालिका) संग्राम शिंदे के मार्गदर्शन में स्वीप टीम द्वारा एसएसआर फार्मेसी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मिलन सोलंकी ने अपने वक्तव्य में सभा में उपस्थित प्राचार्य डॉ. चंद्रकांत बोंडे, सहायक प्रोफेसर और फार्मेसी के विद्यार्थियों को मतदान देने से संबंधित जानकारी देते हुए वोटर हेल्पलाइन, वोट के दिन ले जाने हेतु महत्वपूर्ण दस्तावेजों मतदान से संबंधित जानकारी हेतु 1950 तथा 1077 द्वारा दी जाने वाली सेवाएं, सी वीजिल एप और वोट के महत्व की जानकारी दी। इसके पश्चात मतदान से संबंधित एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। इसके अतिरिक्त डॉ. अनिता कुमार नोडल ऑफिसर ने सभी विद्यार्थियों को पोलिंग बूथ पर वोट देने के लिए जाने हेतु प्रेरित किया और मतदाता शपथ भी दिलाई गई। इस कार्यक्रम के अंत में सभी को मतदान संबंधी कैप और रिस्ट बेंड भी दिये गए। साथ ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को अधिक प्रोत्साहित करने हेतु स्वीप टीम द्वारा अक्षर ग्रीन और चानन देवी चोल, सिलवासा में मतदान संबंधी जानकारी के साथ नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन किया गया। इसके साथ-साथ स्वीप टीम द्वारा रांधा और कौंचा में विक्रेताओं को और दुधनी में लगभग सभी नाविकों को मतदान संबंधी टी-शर्ट और कैप वितरित की गई और मतदाताओं को वोट देने से संबंधित जानकारी देते हुए उन्हें वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप टीम द्वारा सोशल मीडिया के अंतर्गत इंस्टाग्राम (sveepdnh2024) और फेसबुक पर भी मतदान जागरूकता कार्यक्रम संबंधी जानकारी दी जाती है। जिससे अधिक से अधिक संख्या में आम जनता को मतदान संबंधी जानकारी प्राप्त हो सके और उन्हें वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। यहां के प्रदेशवासियों से अनुरोध है कि इंस्टाग्राम और फेसबुक को फॉलो करें और अधिक से अधिक संख्या में इन सुविधाओं का लाभ उठाते हुए मतदान संबंधी संपूर्ण जानकारी प्राप्त करें तथा 7 मई 2024 को मतदान केंद्र पर जाकर अपना बहुमूल्य वोट अवश्य दें।


# दमण निफ्ट कैम्पस में दो दिवसीय स्पेक्ट्रम का हुआ शुभारंभ

■ निफ्ट स्पेक्ट्रम में फैशन, प्रतिभा और आनंद मुख्य आकर्षण



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 30 अप्रैल। दमण निफ्ट ने कैंपस में अपना पहले वार्षिक महोत्सव स्पेक्ट्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दमण जिला कलेक्टर सौरभ मिश्रा और डिप्टी कलेक्टर राहुल देव बूरा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। उन्होंने प्रतिभागियों से कार्यक्रम को हर प्रकार से मनाने का आग्रह किया। स्पेक्ट्रम ने सांस्कृतिक आयोजनों, प्रतियोगिताओं और रचनात्मकता पर ध्यान केंद्रित किया। प्रतियोगिताओं से लेकर सड़क नाटकों, फैशन शोज, नृत्य प्रतियोगिताओं तक सभी कुछ प्रदर्शित किया गया। अपनी कलात्मक प्रतिष्ठा के साथ, कैंपस को इंस्टॉलेशन्स, कलात्मकता और लालटेनों से सजाया गया था। गुजरात और प्रायद्वीपीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से फैशन डिजाइन, खेल और सांस्कृतिक धाराओं के अधिकांश प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। छात्र निफ्ट दमण में असंवेदनशील मजे और फैशन के प्रेरणा के लिए आए। कैंपस निदेशक संदीप सचन ने समारोह की अध्यक्षता की। यह निफ्ट दमण का पहला स्पेक्ट्रम है। यह कार्यक्रम दो दिन तक चलेगा। पहले दिन एफडीडीआई, अंकलेश्वर, पारुल यूनिवर्सिटी, वडोदरा, वापी, सिलवासा, दमण आदि के लगभग 200 छात्रों ने अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लिया। दूसरे दिन के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फैशन शो रहेगा।

# दीव प्रशासन एवं निर्वाचन प्रकोष्ठ के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ जनरल ऑब्जर्वर के. एस. लता कुमारी ने ली बैठक



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 30 अप्रैल। दीव में आगामी लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 के सफल आयोजन हेतु भारत निर्वाचन आयोग से दीव जिले हेतु नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर के. एस. लता कुमारी ने आज शाम 4:30 बजे समाहर्तालय सभागार दीव में प्रशासन एवं निर्वाचन प्रकोष्ठ के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में 7 मई 2024 को होने वाले मतदान की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया तथा मतदान केंद्रों में मतदाताओं को दी जाने वाली अनिवार्य बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने संबंधी प्रयासों पर बल दिया। (समाचार का शेष पेज 2 पर)







स्वामी: मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)